आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 344 -• जबलपुर • मंगलवार, 17 जनवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## केरल में फिर बढ़ा कोरोना का खतरा, सरकार ने मास्क पहनना किया अनिवार्य

**तिरुवनंतपुरम ईएमएस।** केरल में एक बार फिर कोरोना महामारी के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। यही वजह है कि केरल सरकार ने राज्य में फिर से सभी जगहों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। सरकार ने इसे लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसके तहत सभी सार्वजनिक जगहों, कार्यस्थलों और सामाजिक स्थानों पर सभी लोगों को मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।



## UNSC ने हाफिज सईद के करीबी अब्दुल रहमान मक्की को भी घोषित किया वैश्विक आतंकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्रसुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान को झटका देते हुए सोमवार को पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल और अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित किया गया है। UNSC के प्रस्ताव के अनुसार मक्की अब धन का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। वह हथियार खरीद नहीं कर सकता और अधिकार क्षेत्र से बाहर यात्रा भी नहीं कर सकता है।गौरतलब है कि अमेरिकी सरकार ने मक्की पर 2 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के फैसले से पहले ही वाशिंगटन और दिल्ली ने मक्की को घरेलू कानूनों के तहत आतंकवादी घोषित किया हुआ है। भारत में अब्दुल रहमान मक्की पर जम्मू और कश्मीर में हिंसा और हमलों के लिए युवाओं को धन जुटाने, भर्ती करने और कट्टरपंथी बनाने का दोषी है। मक्की लश्कर ए तैयबा यानी जमात उल दावा का पॉलिटिकल विंग का मुखिया है।गौरतलब है कि बीते साल अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए भारत भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव लेकर आया था, लेकिन चीन ने अड़ंगा लगा दिया था। जून में भारत ने इस मुद्दे पर चीन की आलोचना भी की थी।

# 35 मिनट में राहुल की सुरक्षा में 2 बार चूक

## पंजाब में युवक जबरन गले लगा, दूसरी बार संदिग्ध सुरक्षा घेरा तोड़कर करीब पहुंचा

**होशियार, ईएमएस। पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में 2 बार चूक हुई। होशियारपुर में पहले तो एक युवक भागते हुए आया और जबरन राहुल के गले लग गया। इसके बाद एक संदिग्ध भी राहुल के काफी करीब पहुंच गया था।युवक जब राहुल के गले लगा तो पंजाब कांग्रेस चीफ राजा वड़िंग की मदद से राहुल गांधी ने धक्का देकर उसे दूर हटाया। इसके बाद बस्सी गांव में टी-ब्रेक में जाते समय एक युवक सिर पर केसरी कपड़ा बांधे हुए राहुल के करीब आ गया। यह देख सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।**

ये दोनों घटनाएं 35 मिनट के भीतर हुईं। यह स्थिति तब है जबकि पंजाब में राहुल गांधी को सबसे ज्यादा सिक्योरिटी दी गई है। यहां वह थ्री लेयर सुरक्षा में चल रहे हैं। जिसमें सबसे बाहर पंजाब पुलिस का घेरा, उसके बाद पंजाब पुलिस व स्टेट ष्ट्वक्चष्ठ की रस्सी के साथ घेरे की सुरक्षा और अंत में राहुल की सिक्योरिटी है।



### सुरक्षा एजेंसियों ने चेताया- कश्मीर में पैदल न चलें

इसी बीच भारत जोड़ो यात्रा में बिजी राहुल गांधी को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट है कि कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को कुछ जगहों पर नहीं चलने की सलाह दी गई है। सुरक्षा सूत्रों ने जानकारी दी कि उन्हें जम्मू कश्मीर में कुछ जगहों पर पैदल चलने से बचना चाहिए पैदल के बजाय उन्हें कार में यात्रा करनी चाहिए। राहुल गांधी के नेतृव में भारत जोड़ो यात्रा 19 जनवरी को जम्मू कश्मीर के लखनपुर में एंट्री लेगी। पिछले साल 7 तंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी। 150 दिनी और 3750 किलोमीटर के लक्ष्य के साथ यह यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करेगी। एक निजी चैनल की रिपोर्ट है कि सुरक्षा एजेंसी से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी को जम्मू कश्मीर में कुछ जगहों पर खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा, उनके सुरक्षित करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई गई है और यह सलाह दी गई है कि उसे पैदल यात्रा करने से बचना चाहिए और इसके बजाय कार में यात्रा करनी चाहिए। एक व्यापक सुरक्षा समीक्षा अभी भी चल रही है जिसमें रात के पड़ावों के बारे में विवरण पर काम किया जा रहा है। 52 वर्षीय कांग्रेस नेता 25 जनवरी को बनिहाल में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए तैयार हैं और दो दिन बाद 27 जनवरी को अनंतनाग के रास्ते श्रीनगर में एंट्री लेंगे।



## बडगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

### दो दहशतगर्द ढेर, हथियार भी बरामद

**श्रीनगर,ईएमएस।** मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में जिला अदालत परिसर के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षाबलों को उनके पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ है। फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि बडगाम जिला अदालत परिसर के पास एक विशेष इनपुट पर सेना और पुलिस की संयुक्त टीम की तरफ से नाका लगाया गया था। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की गई। आतंकवादियों ने इसकी भनक लगते ही गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी ढेर हो गए हैं। आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया है। इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि दोनों आतंकियों की पहचान कर ली गई है। इनमें अरबाज मीर और शाहिद शेख शामिल है। दोनों पुलवामा के रहने वाले थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े थे।

## शहडोल के रिहायशी इलाके में घुसा बाघ, दहशत, वन विभाग-पुलिस ने संभाला मोर्चा

**शहडोल , यशभारत।** शहडोल जिले में सोमवार की शाम जैसीनगर वन परिक्षेत्र के टेटका गांव के रिहायशी क्षेत्र में एक बाघ देखा गया, जिसके बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बाघ दिखाई देने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। सूचना लगते ही वन विभाग के आला अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। सोमवार की शाम करीब चार बजे एक के घर के पीछे खेत में बाघ देखा गया, जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग और पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक खेतों में नहीं जाने की सलाह दी है।

## दमोह में खड़े कंटेनर में घुसा ट्रक एक की मौत

**दमोह यशभारत।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में रविवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। कोहरे के कारण एक ट्रक सड़क किनारे खड़े कंटेनर से जा टकराया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। टक्कर में उसका सिर ही चकनाचूर हो गया। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार हादसा दमोह जिले में छतरपुर मार्ग के नरसिंहगढ़ के पास का बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को कोहरा घना था। कबाड़ से भरा ट्रक (एमपी 07 एसडी 5050) दमोह से छतरपुर की ओर जा रहा था। देहात थाना के नरसिंहगढ़ में पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर एक सीमेंट का कंटेनर खड़ा था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि घने कोहरे की वजह से ट्रक चालक कंटेनर से भिड़ गया और पलट गया।

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का दूसरा दिन-प्रधानमंत्री पहुंचे

## नड्डा के एक्सटेंशन पर मुहर लग सकती है, शाम को मोदी का संबोधन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आज दूसरा और आखिरी दिन है। आज पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ाने पर मुहर लग सकती है। इसके बाद शाम 4 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमाम पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंच गए हैं । उनकी स्पीच को मार्गदर्शन वक्तव्य कहा गया है। इसके बाद दो दिन की यह मीटिंग खत्म हो जाएगी। सोमवार की मीटिंग से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद मार्ग के पटेल चौक से लेकर NDMC कन्वेंशन सेंटर तक 15 मिनट का रोड शो किया। इसके बाद मोदी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने बताया कि PM ने हर कमजोर बूथ पर मजबूती से काम करने को कहा है। देशभर में ऐसे 72 हजार बूथ की पहचान की गई है। कार्यकारिणी की बैठक में लोकसभा में जीत की हैट्रिक का लक्ष्य रखा गया है। पहली गैरकांग्रेस पार्टी के रूप में दो बार बहुमत हासिल कर चुकी भाजपा लगातार तीसरी जीत से नया कीर्तिमान स्थापित ( करना चाहती है। हालांकि, फिर से केंद्र की सत्ता हासिल करने की भाजपा की राह चुनौतियों के साथ संभावनाओं

### जीत की हैट्रिक का रखा लक्ष्य

से भी भरी हुई है। चुनावी रणनीति को साधने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसमें 161 सीटों पर खास जोर है जिस पर पिछले चुनाव में पार्टी दूसरे स्थान पर रही थी। भाजपा को पता है कि प्रभाव वाले राज्यों की ज्यादातर सीटें उसके पास पहले से मौजूद हैं। ऐसे में कुछ राज्यों में अगर सीटें कम होती हैं तो इसकी भरपाई की तैयारी भी होनी चाहिए। इसी के मद्देनजर मिशन 2024 की तैयारी में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखने के लिए रिपोर्ट में चुनौतियों के साथ संभावनाओं का भी जिक्र किया गया है। गौरतलब है कि बीते चुनाव में पार्टी ने चार केंद्रशासित प्रदेशों और छह राज्यों की सभी सीटों पर जीत दर्ज की थी। लोकसभा से पहले नौ राज्यों में इसी साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव को रिपोर्ट में बेहद अहम बताया गया है। रणनीतिकारों का मानना है कि इनमें खासतौर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक में पार्टी का प्रदर्शन लोकसभा की दृष्टि से बेहद अहम होगा। गौरतलब है कि इन राज्यों की 93 में से 87 सीटें इस समय पार्टी के पास है। आठ केंद्रशासित प्रदेशों की 19 में से 13 सीटें भाजपा के पास हैं। इनमें बीते चुनाव में पार्टी ने ऐसे चार प्रदेशों की सभी 11 सीटें जीत ली थीं। इसी प्रकार अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान, त्रिपुरा और उत्तराखंड की सभी 70 सीटों पर पार्टी को जीत नसीब हुई थी।



## चीन में दो बच्चों के जेनेटिक बदलाव के विरोध में थिंक-20 में भी उठी आवाज

### प्रकृति के विपरीत जाकर इस तरह का प्रयोग आने वाली पीढ़ी के लिए चिंता का विषय - प्रो. सचिन चतुर्वेदी

**भोपाल ,यशभारत।** भोपाल में सोमवार को जी-20 के अंतर्गत थिंक-20 की दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में चीन द्वारा 2018 में दो बच्चों के जेनेटिक बदलाव करने को अप्राकृतिक बताते हुए विरोध किया गया। रिसर्च एंड इंफार्मेशन सिस्टम फार डेवलपमेंट कंट्रीज (आइआरएस) के डीजी प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रकृति के विपरीत जाकर इस तरह का प्रयोग आने वाली पीढ़ी के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जेनेटिक इंजीनियरिंग पर भी थिंक-20 की बैठकों में चर्चा की जाएगी। बता दें कि वर्ष 2018 में चीन में दो ऐसे बच्चे तैयार किए गए, जिन्हें एड्स, निमोनिया आदि नहीं हो सकने का दावा किया गया था। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध भी हुआ। जिस वैज्ञानिक ने यह काम किया था, उसे चार माह की जेल भी हुई। इससे पहले उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी देशों को सोचना पड़ेगा। प्रकृति के साथ प्रगति होनी चाहिए। बिना जनता की सहभागिता के यह संभव नहीं है।



## पीएम मोदी से बातचीत को गिड़गिड़ाए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ ईमानदार और संवेदनशील वार्ता की इच्छा जताई है। वह कश्मीर समेत कई और मुद्दों पर गंभीर वार्ता करना चाहते हैं। उनका कहना है कि भारत के साथ तीन युद्ध देश में परेशानी, बेरोजगारी और गरीबी की वजह बन गए हैं। शरीफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उनका देश भयंकर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। मुद्रा संकट की कमी से जूझते पाकिस्तान के भी मदद करने से बच रहे हैं।शहबाज ने अंतरराष्ट्रीय अरबी न्यूज चैनल अल अरेबिया को दिए इंटरव्यू में कहा, च्भारतीय प्रबंधन और पीएम मोदी को मेरा संदेश सिर्फ इतना है कि हम एक साथ बैठें और कश्मीर समेत आपसी ज्वलनशील मुद्दों पर बातचीत करें। हमें एक-दूसरे से झगड़े बिना एक दूसरे के साथ आगे बढ़ना है न कि समय और संपत्ति को झगड़े में बर्बाद करें।



पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग




### चलती ट्रेन में कराई डिलीवरी

# लेबर पेन से चीख रही महिला के लिए भगवान बने किन्नर

**जमुई ।** अमूमन ट्रेन में किन्नरों को देखकर लोग मुंह फेर लेते हैं. लोगों को लगता है कि कहीं वे उनके साथ बदसलूकी न करने लगें. मगर, सोमवार को किन्नरों ने एक ट्रेन में जो किया, उसकी चर्चा हर कोई कर रहा है. लेबर पेन से चीख रही महिला के लिए किन्नर भगवान बनकर आए और ममता की मिशाल पेश की है। घटना बिहार के जमुई है. दरअसल, हालवड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से शेखपुरा जिले की रहने वाली गर्भवती महिला अपने पति के साथ हावड़ा से लखीसराय जा रही थी. जैसे ही ट्रेन जसीडीह रेलवे स्टेशन से चली, महिला को लेबर पेन होने लगा.। गर्भवती महिला दर्द से कराहने लगी. पत्नी की हालत बिगड़ती देखा, पति ने कोच में मौजूद अन्य महिलाओं से मदद मांगी. मगर, कोच में मौजूद महिलाएं प्रसव पीड़ा से कराहती महिला की मदद के लिए आगे नहीं बढ़ीं. कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया. इधर, पीड़ा के कारण महिला की हालत बिगड़ती जा रही थी.जिस कोच में गर्भवती महिला दर्द से चीख रही थी, उसी कोच में कुछ समय बाद किन्नरों की टोली पैसे मांगने के लिए पहुंची. तब तक ट्रेन सिमुलतला रेलवे स्टेशन तक आ चुकी थी. जैसे ही किन्नरों की नजर महिला पर पड़ी, तो उन्हें माजरा समझते देर न लगी.सभी किन्नरों ने तुरंत ही महिला को उठाया और ट्रेन के वॉशरूम में ले गई, थोड़ी ही देर बाद महिला की डिलीवरी हो गई. महिला को बेटा हुआ था. बच्चे को सही-सलामत देखकर किन्नरों और ट्रेन में मौजूद अन्य लोगों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए.



### आर्थिक मदद की पेशकश भी की

डिलीवरी के बाद महिला और बच्चा दोनों की ठीक हालत में थे. किन्नरों ने बच्चे के अपना आर्शीवाद दिया और महिला के पति को आर्थिक मदद की पेशकश भी की. कुछ समय बाद झाझा रेलवे स्टेशन पर सभी किन्नर उतर गए. मगर, उनकी मदद की चर्चा इन दो स्टेशनों से आगे निकलकर अब देशभर में फैल रही है।

# अब सर्द लहर बरपा रही कहर कल के बाद राहत की उम्मीद





**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर सहित संभाग में शीतलहर का दूसरा दौर कहर बरपा रहा है। अधिकांश इलाकों में हाड़ कंपाने वाली सर्दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो-तीन दिन तक सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। 18 जनवरी के बाद दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कड़ाके की सर्दी का असर कम हो सकती है। जबलपुर में मौसम विभाग के प्रभारी बीजू जॉन जैकब ने बताया कि धूप निकल रही है, लेकिन बर्फीली हवाएं चुभ रही हैं। आज को न्यूनतम तापमान 8.5 रहा जो सामान्स से 2 डिसे कम है। सुबह की आदता 69 प्रतिशत रही। सोमवार को अधिकतम तापमान 21.5 सामान्य से 3 डिसे कम और रात का तापमान सामान्य से 4 डिसे कम 7 डिसे रहा। मौसम विभाग की ओर से जबलपुर में भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 19 जनवरी के बाद ही मौसम में बदलाव की संभावना है। दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कड़ाके की सर्दी का असर कम होगा। पहला विक्षोभ 18 और दूसरा 20 जनवरी को ऐक्टिव होगा। इससे तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी और हवाओं का रुख बदलेगा। तापमान में इजाफे का सिलसिला 26 जनवरी तक जारी रहने का अनुमान है। 26 जनवरी के बाद एक बार फिर तापमान में गिरावट के आसार हैं। पश्चिमी के मुकाबले पूर्वी मध्य प्रदेश में ठंड का असर कम रहेगा।

## आयुक्त पर भारी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की मुख्यमंत्री म.प्र . शासन की महत्वकांक्षी सी.एम.राईज स्कूल योजना में चयनित / पदस्थ प्राचार्य / शिक्षकों को पढाई के अलावा किसी अन्य कार्य में न लगाया जावे , उसके बाद भी प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर द्वारा सी.एम. राईज बरेला के प्राचार्य डी.के.गुप्ता को इंसपायार एवार्ड / अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का प्रभारी के साथ - साथ अशासकीय शालाओं मान्यता का प्रभारी अधिकारी बनाकर शाला से अधिक डी.ई.ओ कार्यालय में कार्य लिया जा रहा है , जिससे सी.एम. राईज विद्यालय बरेला की पढाई चौपट हो रही है । आयुक्त लोक शिक्षण के आदेश को ठेंगा दिखाने की जांच आयुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा कराई जा रही है उसके बाद भी आयुक्त के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यमंत्री महत्वकांक्षी योजना को पलीता लगा रहे हैं । संघ के योगेन्द्र दुबे , अर्वेन्द्र राजपूत , अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय , संजय यादव , आलोक अग्निहोत्री , बृजेश मिश्रा , दुर्गेश पाण्डे आदि ने मुख्यमंत्री की योजना को पलीता लगाने वाले जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की है ।

# प्रेम से ही परमात्मा की प्राप्ति

### त्रिशूल भेद में श्री स्कंद महापुराण कथा का समापन आज , कल होगी पूर्णाहूति





**जबलपुर,यशभारत।** पुण्य सलिला मां रेवा के पावन तट त्रिशूल भेद न्यू भेडाघाट मार्ग में आयोजित स्कंद महापुराण कथा के आठवे दिन कथा व्यास डॉ.सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने कहा कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना का फल अवश्य मिलता है। भगवान ने 24 अवतार लेकर भक्तों के कार्य को सिद्ध किया है। कथा में गंगा, नर्मदा, यमुना, क्षिप्रा, सरयू आदि दिव्य विग्रह वती नदियों का वर्णन किया। शास्त्री जी ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा से अंनत फलों की प्राप्ति होती है। नर्मदा के जल में जितने कंकर है वे सभी शंकर है। नर्मदेश्वर महादेव के रूप में उनकी पूजा की जाती है। भगवान प्रेम और भाव के भूखे है, भगवान ने विदुर जी के घर प्रेम से भगवान ने भोग लगाया। कथा में शास्त्री जी ने चातुर्मास में भगवान के दर्शन, पूजन करें, चर्तुमास का वर्णन करते हुए एकादशी का भी वर्णन बताया गया। शास्त्रीजी ने बताया कि एकदशी व्रत करना चाहिए। एकादशी सारे व्रतों का राजा है। उन्होंने कहा कि प्रार्थना और विश्वास असंभव को संभव कर देती है, प्रार्थना और विश्वास दिखते नहीं है लेकिन अंसभव को संभव कर देती है, इसलिए प्रार्थना भगवान से करनी चाहिए। कथा व्यास डॉ.सत्येन्द्र स्वरूप शास्त्री ने बताया कि स्कंद पुराण में 81 करोड श्लोक है। इस कारण यह पुराण 9 दिन में पूरा होता है। मंगलवार को कथा का समापन होगा। नर्मदा तट त्रिशूल भेद में 18 वर्षों में 18 महापुराण के संकल्प के तहत 18 वे वर्ष में स्कंद पुराण का आयोजन हो रहा है। बुधवार को महामृत्युंजय जप यज्ञ के साथ पूर्णाहूति होगी।

# शादी की सालगिरह में आए मेहमानों ने किया रक्तदान, समाज के लिए दिया संदेश महान

### बीमारियों से पीड़ितों के लिए आएगा ब्लड काम



**जबलपुर,यशभारत।** समाज में ऐसे विरले लोग बहुत कम ही देखने को मिलते हैं जो अपने स्वयं के किसी खास अवसर को भी दूसरों को जीवनदान देने जैसे सार्थक कदम की ओर सोचते हैं, ऐसा ही कुछ समाजसेवी सरबजीत सिंह नारंग ने अपनी शादी की 25वीं सालगिरह के अवसर पर किया। जिन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर पति-पति व बच्चे से रक्तदान करवाया, साथ में ही आमंत्रित तमाम अतिथियों से भी रक्तदान करवाया, इस प्रकार से शादी की सालगिरह के समारोह के अवसर पर 25 यूनिट ब्लड डोनेशन हो सका, जो किसी बीमारी से पीड़ितों के काम आएगा। इस तरह के अनूठे कार्य की हर वर्ग सराहना कर रहा है और उनके इस कदम को सभी के द्वारा काफी सराहा जा रहा है। गौरतलब है कि रांझी निवासी सरबजीत सिंह नारंग पेशे एक व्यवसायी व समाजसेवी हैं, जो थैलेसीमिया की बीमारी को दूर करने जन जागरूकता व रक्तदान के क्षेत्र में दिशा वेलफेयर सोसायटी एवं समिति व मप्र थैलेसीमिया जन जागरण समिति के नाम से सामाजिक सरोकार में काम कर रहे हैं। जिनके द्वारा थैलेसीमिया की बीमारी से पीड़ितों को ब्लड उपलब्ध करवाए जाने का कार्य किया जाता है, इस कार्य को न केवल वह स्वयं करते हैं बल्कि उनके पत्नि रेनू नारंग जिनकी उम्र 50 वर्ष है, जिनका बी निगेटिव ब्लड ग्रुप है, जिनसे उन्होंने 20 बार रक्तदान करवा चुके हैं और उनका 23 वर्षीय बेटा सुखनम नारंग है, जिनका ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव है, जिससे उन्होंने 26 बार रक्तदान करवा चुके हैं, इस प्रकार से यह निरंतर अपने परिवार वालों व तमाम परिचितों से रक्तदान करवाते हुए थैलेसीमिया की बीमारी से जूझने वालों को समय पर रक्तदान करवाने का काम करते हुए आ रहे हैं। जिनके इस काम से न जाने अभी तक कितने लोगों को ब्लड मिल सका है।

# तीर्थंकर बालक का हुआ जन्म, निकली शोभायात्रा

### रांझी में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन हुए विविध आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** सकल दिगंबर जैन समाज, रांझी के तत्वावधान में इंजीनियरिंग कॉलेज छात्रावास परिसर में आयोजित श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक जिनबिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान सोमवार को तीर्थंकर बालक का जन्म हुआ ! इस उपलक्ष में विशाल शोभायात्रा निकाली गई ! विभिन्न मार्गो में भ्रमण करने के बाद यात्रा का समापन पंचकल्याणक स्थल पर हुआद्य ऐरावत हाथी पर सवार होकर सोधर्म सची इंद्राणी ने मनाई खुशियांद्य इसके पूर्व ब्रह्मचारी विनय भैया बंडा के मार्गदर्शन में प्रातः पात्रशुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य मह पूजन किया गया। इसके बाद प्रभु अवतार ( जन्म ), बधाईयां, शांति हवन, आचार्यश्री का पूजन किया गया। प्रातः 11:30 बजे से इन्द्रसभा एवं राजदरबार, इंद्राणी द्वारा प्रथम दर्शन, इन्द्र द्वारा सहस्त्रा दर्शन किए गए ! इसके बाद दोपहर में शोभायात्रा एवं पाण्डुक शिला पर जन्माभिषेक एवं श्रृंगार कार्यक्रम हुआ। आयोजन मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज, मुनिश्री चंद्रसागर महाराज के सान्निध्य में हुए।





#### गर्भ संस्कार विधि हुई

दोपहर मैं गर्भ संस्कार विधि ( गर्भवती महिलाओं को ) पूज्य मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज द्वारा संपन्न कराई गई मुनि श्री के सानिध्य में 155 महिलाओं के गर्भ संस्कार संपन्न हुएद्य इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि बच्चे के गर्भ में ही जो संस्कार दिए जाते हैं वह भविष्य में वैसे ही संस्कारित होते हैंद्य इस अवसर पर राजा श्रेयांश नीरज आरती महाजन, राजा सोम नवीत, नम्रता, ब्रह्मएंद्र अभिषेक ऋतु जैन उपस्थित रहेद्य इसके बाद सौधर्म इन्द्र का ताण्डव नृत्य हुआ। रात्रि में पालना, बालक्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

#### 17 जनवरी के कार्यक्रम

प्रातः 6.00 बजे से पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, जन्म कल्याणक पूजन, शांति हवन, आचार्य श्री का पूजन एवं आशीर्वचन होंगेद्य पाणिग्रहण संस्कार विधि ( बारात ) होगी ! दोपहर 11.00 से राज्याभिषेक, भेंट समर्पण, महामंडलेश्वर नियुक्त, सेनापति नियुक्त, सत्कर्म उपदेश, दंड नीति, ब्रह्म सुंदरी को शिक्षा, नीलांजना नृत्य, देव आगमन, युवराज भरत बाहुबली राज्य तिलक, दीक्षा, अभिषेक दीक्षा, वन गमन दीक्षा, कल्याणक संस्कार विधि शाम 6.30 बजे से होंगे।

# आधुनिकता और परंपरागत खेलों का समागम है सांसद खेल महोत्सवः दिग्विजय सिंह

### सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट, फुटबॉल, मुक्केबाजी, और परंपरागत खेलों का हुआ आयोजन





**जबलपुर यशभारत।** सांसद खेल महोत्सव के सभी तरह के खेलों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज के दौर में प्रचलित खेल एवं पुरातन काल से चले आ रहे खेल सम्मिलित हैं इसलिए हम कह सकते हैं की आधुनिकता और परंपरागत खेलों का समागम सांसद खेल महोत्सव में है और इस आयोजन के माध्यम से जबलपुर के ग्राम पंचायत एवं वार्ड से उभरकर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं यह बात मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ने सांसद खेल महोत्सव के अन्तर्गत बॉक्सिंग प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर रानीताल स्टेडियम में कहीं। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत मुक्केबाजी की प्रतियोगिता संपन्न हुई । मुक्केबाजी में लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया और लगभग 20 कन्या प्रतिभागी सम्मिलित हुई। दिग्विजय सिंह ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव की श्रंखला में आज फुटबॉल, मुक्केबाजी, क्रिकेट और परंपरागत खेलो का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न टीमों ने हिस्सा लेकर अपना प्रदर्शन किया और 12 जनवरी से आरंभ सांसद खेल महोत्सव में 23 जनवरी तक विभिन्न तरह के खेल आयोजित किए जा रहे हैं मैच रेफरी के रूप में अभय भाटी, विकास यादव, शिवांगी, संजय, कुंडल राव ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न कराई। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत बॉक्सिंग प्रतियोगिता के प्रभारी आशुतोष विक्की मिश्रा एवं राजकुमार पटेल के द्वारा मुक्केबाजी का खेल संपन्न कराया गया। इस अवसर पर रानीताल स्टेडियम में लेखराज सिंह, संदीप जैन, महामंत्री पंकज दुबे, शरद अग्रवाल, राजा मोर, श्रीराम शुक्ला, अंजू भार्गव, कुंवरपाल सिंह शेरू, राजीव राठौर, डिंपी विश्वकर्मा, विनय असाटी, संजय नाहतकर, रवि शर्मा, राहुल दुबे, सुषमा जैन, नुपुर लखेरा, आदि उपस्थित थे। सांसद खेल महोत्सव में आयोजित खेलों में आज क्रिकेट, मुक्केबाजी, और फुटबॉल मैच संपन्न हुए। क्रिकेट में वार्ड और मंडलों के स्तर पर खेले गए मैच में भाग लेकर विधानसभा स्तर पर क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। जिसमें पनागर और बरगी विधानसभा के बीच पहला मैच संपन्न हुआ। पनागर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रनों का लक्ष्य बरगी विधानसभा को दिया जिसके जवाब में बरगी विधानसभा 77 रन बना पाई । 7 रनों से पनागर विधानसभा ने क्रिकेट के क्वार्टर फाइनल के को जीता। दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबला सिहोरा और पाटन विधानसभा के बीच खेला गया दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाटन पहले बल्लेबाजी करते हुए सिहोरा के लिए 64 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में सिहोरा विधानसभा ने 65 रन बनाकर मैच में जीत हासिल की। सिहोरा के वीरेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिन्होंने अपना प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट लिए और 11 रन बनाए। तीसरा मैच जबलपुर की कैंट विधानसभा और पूर्व विधानसभा के अंतर्गत के बीच खेला गया पूर्व विधानसभा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूर्व विधानसभा में पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 रन का लक्ष्य कैंट विधानसभा के सामने रखा जिसे कैंट विधानसभा ने 45 रन बनाकर हासिल करते हुए मैच जीत लिया।

### जबलपुर के रांझी में छात्रों ने पारंपरिक खेलों में जमकर धूम मचाई

**जबलपुर, यशभारत।** सरस्वती शिशु मंदिर रांझी जबलपुर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वर दास रोहाणी के मुख्यातिथ्य में विद्यालय प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत के कोषाध्यक्ष विष्णुकांत ठाकुर ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती शिक्षा परिषद जबलपुर विभाग के विभाग समन्वयक राघवेन्द्र शुक्ल, नगर निगम के संभागीय अधिकारी आनंद मिश्रा चंद्रशेखर वार्ड के पार्षद दामोदर सोनी अंबेडकर वार्ड के पार्षद अनुराग दहिया, भगत सिंह वार्ड के पार्षद निशांत झारिया, विद्यालय के सह व्यवस्थापक पुष्पराज सिंह सेंगर उपस्थित रहे। विधायक ने समस्त विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को स्वच्छता का संदेश देते हुये जबलपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए कार्य करने को प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य रमाशंकर यादव के निर्देशन में पारंपरिक चिट्ठी धप्प, गिल्ली डंडा, पंतग उड़ाना, कंचा खेल, भौरा ( लट्टू ), पिट्ठूक इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिस पर विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर जमकर धूम मचाते हुये पारंपरिक खेलों को जानकर रोमांचित हुये। इस अवसर पर विद्यालय के आंग्ल माध्यम की प्राचार्य प्रियंकि श्रीवास्तव, विद्यालय की प्रधानाचार्य मोनिका सरकार समेत समस्त आचार्य परिवार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संपूर्ण कार्यक्रम का शब्दांकन आचार्य यदुवेन्द्र कुमार यादव ने किया।

### युवा बॉयज, यंग खालसा, लायंस व भारती सेमी फाइनल में

**जबलपुर, यशभारत।** सदर स्थित शिवाजी मैदान में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत प्रथम मैच लायन्स विरुद्ध विध्या स्पोर्टिंग के मध्य खेला गया जिसमे लायंस क्लब 2-0 से विजयी हुई. आज के मैच के मुख्य अतिथि लेखराज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, आयोजन प्रभारी कैंट पूर्व पार्षद अमित अग्रवाल, अभिलाश् पांडेय, म. प्र. विधुत मंडल के खेल सचिव श्री अनिल कुमार अलंग, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, कैंट मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, विक्रम अवार्डी परमजीत सिंह, पार्षद श्याम कनौजिया, सुमित दीवान, स्वर्ण सिंह, तथा वरिष्ठ खिलाड़ी एस.एच.ए,नकवी, क्रिस्टोफर नरोन्हा ,सुरेश रजक, विशेष रूप से उपस्थित थे. दूसरा मैच भारती क्लब विरुद्ध खालसा बॉयस् के मध्य खेला गया जिसमे भारती क्लब ने पेनाल्टी शूट से मैच 3-1 में विजयी रही. प्रतियोगिता को सफल बनाने में संदीप, अश्वनी, आशीष, नवाज़, सौरभ आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय विशेष कार्ययोजना

### कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा जैसे पोषक तत्वों से भरपूट मोटे अनाजों का हो उपयोग



**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा से अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मिश्रा ने बताया कि माइनर मिलेट्स ( कोदो, कुटकी, रागी, सावा, कंगनी, चीना, ज्वार, बाजरा एवं कुट्टू ) के श्रेष्ठतम कृषि तकनीक, उत्तम किस्मों के बीज की उपलब्धता व क्षेत्रफल व उत्पादन दोनों बढ़ाने में लघु धान्य उत्पादन का बेहतर प्रसंस्करण की जानकारी एवं खाद्य उत्पादों की श्रंखला तैयार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतू ने जानकारी देते हुये बताया कि भारत वर्ष में प्राचीन समय से मोटे अनाजो, विशेष रूप से लघु धान्य फसलों की खेती बहुतायत से की जाती रही है और हर आम आदमी का मुख्य आहार हुआ करता था, परंतु हरित कांति के उद्भव के पश्चात अधिक उपज देने वाली खाद्य फसलों ( धान तथा गेंहू ) के प्रचलन से इन लघु धान्य फसलों के क्षेत्रफल में बहुत गिरावट हुई है। इन परिस्थियों के चलते कृषि उत्पादन में प्रदेश एवं देशभर में आये बदलाव ने कमशः गेहू-चावल को हमारा प्रमुख खाद्यान बना दिया और मोटे यानि पोषक अनाज की खेती कम होती गई। अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिये इन फसलों में किसानों ने प्रचुरता से रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग भी किया गया। इससे देश खाद्यान में आत्मनिर्भर हुआ, लेकिन कई दुष्परिणाम भी सामने आये। इस परिवर्तन के दीर्घकालीन परिणाम पोषण की कमी, डायबिटीज एवं मोटापा जैसे कई अन्य बीमारियों के रूप में सामने आ रहे हैं। संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष अन्तर्गत विशेष कार्ययोजना में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित 22 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विशेष रूप से मिलेट्स की कृषि तकनीकी, नई किस्मों के बीज, विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व स्वादिष्ट उत्पाद की सतत् प्रशिक्षण व प्रदर्शन जारी है, साथ ही राज्य शासन व भारत शासन के मिलेट्स अन्तर्गत कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक विशेष सहयोग व जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह आगामी तिथि तक स्थगित

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम के सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्त जनकल्याण विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 25 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना था, उक्त कार्यक्रम को मुख्यमंत्री के नगर आगमन के कारण शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, कार्यक्रम में प्रशासन की व्यस्तता के कारण मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह सम्मेलन दिनॉक 25 जनवरी 2023 को आगामी तिथि तक स्थगित किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में रजिस्टर्ड पात्र हितग्राहियों को जल्द ही आगामी तिथि से अवगत कराया जायेगा।

# जबलपुर के व्यापारी संघ ने किया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ ने राष्ट्रीय संस्कृति के जननायक महापुरुषों, अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, 26 /11 पुलवामा हमले में बलिदान हुए जवानों को पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विनय सक्सेना कहा कि देश की आजादी जननायक का इतिहास पाठ्यक्रम में जोड़ा जाना चाहिए। प्रभात साहू ने कहा, हमारी संस्कृति समानता का भाव विश्व गुरु हमारे महापुरुषों की देन है। संघ के अध्यक्ष धनंजय बाजपेई ने बताया कि प्रथम चित्र प्रदर्शनी है जिसमें लगभग 102 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस कार्य की सराहना की। भारत माता की 101 दीपों से महाआरती कर कार्यक्रम को विराम दिया गया। सभी सामाजिक राजनीतिक एवं व्यापारी बंधुओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, सुभाष चंद्र बोस तुम हमें खून दो हम तुम्हें आजादी देंगे, जय जवान जय किसान जय विज्ञान के नारे लगाए।कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कुछ युवा रचनाकारों ने संक्षिप्त कविताओं के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में को अपनी प्रस्तुति के साथ याद किया। पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, पूर्व महापौर प्रभात साहू, एमआइसी सदस्य अमरीश मिश्रा क्षेत्रीय पार्षद अंशुल यादव, संतोष पंडा, अखिलेश मेहता, विजय गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, अवधेश गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए।

# शहर के एंट्री पॉइंट अंधमूक बायपास का हार्टफुलनेस थीम पर किया जा रहा है विकास



## अंधमूक बायपास से मेडिकल होते हुए एल.आई.सी. तक किया जा रहा है रोड का निर्माण

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर सौरभ के. सुमन, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन और स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत की निगरानी में स्मार्ट सिटी के द्वारा लगातार कार्य कराये जा रहे हैं। सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के एंट्री पॉइंट अंधमूक बायपास से एल.आई.सी. तक 9 करोड़ 90 लाख की लागत से रोड का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें डिवाइडर, सेन्ट्रल लाइटिंग, प्लान्टेशन इत्यादि कार्य भी किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अंधमूक बायपास में यातायात को सुव्यवस्थित किये जाने के लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आइलैंड का निर्माण, फसाड एवं सेंट्रल लाइटिंग, प्लान्टेशन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हार्टफुलनेस थीम पर अंधमूक बायपास एंट्री पॉइंट का विकास किया जा रहा है जिसमें आर्टिस्टिक वर्क, मियुरल निर्माण किया जायेगा। सी.ई.ओ. श्रीमती राजपूत ने बताया कि अंधमूक बायपास शहर का अत्यंत महत्वपूर्ण एंट्री पॉइंट है, इसके सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

# यातायात जागरूकता सप्ताह

## रिफ्लेक्टर रेडियम टेप एवं डार्क आई मारकर लगाए गए





**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन में यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेंडे , यातायात डीएसपी मधुकर चौकीकर , यातायात थाना प्रभारी सूबेदार मोहन के मार्गदर्शन में नगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रिफ्लेक्टर रेडियम टेप और डार्क आई मार्कर लगाएगा। रिफ्लेक्टर रेडियम टेप ट्रैक्टर ट्राली एवं सड़क के बीच बने डिवाइडर पोल पर लगाया गया। चूंकि ट्रैक्टर ट्राली में बैकलाइट ना होने से पीछे से आने वाले वाहनों को गाड़ी खड़ी है चल रही है यह समझ में नहीं आता । इस कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। डार्क आई मार्कर मदन महल से कछपुरा लिंक रोड में बने हुए बरगद के पेड़ के बीच में लगाया गया जो सड़क दुर्घटना से बचाव में सहायक है। सूबेदार अमित शिवाजी प्रधान आरक्षक 808 कन्हाई भट्टाचार्य आरक्षक रोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सिंगल और दिव्यांग चाइल्ड के पालकों को दें आयकर में छूट

## मिताली बैनर्जी ने की रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात



**जबलपुर, यशभारत।** ऐसे पालक जिनके परिवार में एक ही बच्चा है और ऐसे पालक जिनके बच्चे दिव्यांग हैं को आयकर के स्टेंडर्ड डिडेक्शन में छूट दिए जाने की मांग शनिवार को दिव्यांग भारती संस्था की अध्यक्ष और एलआईसी के संगठन एनओआईडब्ल्यू की वाइस प्रेसीडेंट मिताली बैनर्जी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से की। श्रीमती बैनर्जी ने बताया कि देश में जनसंख्या नियंत्रण के कार्य में सराहनीय योगदान दे रहे सिंगल चाइल्ड पैरेंट हों या ऐसे पेरेंट जिनके बच्चे दिव्यांग हैं आयकर से जुड़ी विभिन्न परेशानियों से ग्रस्त रहते हैं,ऐसे में यदि इन्हे आयकर भरने में स्टेंडर्ड डिडक्शन में छूट के लिए शामिल किया जाए तो इनकी काफी मदद होगी। इस अवसर पर श्रीमती बैनर्जी ने वित्त मंत्री को पोंगल की शुभकामनाएं देते हुए उनका शॉल श्रीफल से सम्मान भी किया। ,श्रीमती बैनर्जी के साथ एलआईसी यूनियन टीम एनओआईडब्ल्यू के जनरल सेकेट्री अतुल देशपांडे,वर्किंग प्रेसीडेंट एमए बापट थी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# बरेला मंडला सड़क एक माह के लिए बंद

## बवैहा मार्ग का पुल क्षतिग्रस्त, कलेक्टर ने जारी किए आदेश



**जबलपुर, यशभारत।** बरेला मंडला सड़क एक माह के लिए बंद कर दिया गया है। इसके आदेश मंडला कलेक्टर हर्षिका सिंह ने जारी किए हैं। दरअसल बवैहा मार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो गया जिसे देखते हुए कलेक्टर ने निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर हर्षिका सिंह ने बताया कि बवैहा मार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसका निरीक्षण टीम द्वारा किया जा चुका है इसी के आधार पर बरेला-मंडला मार्ग को परिवर्तित किया गया है। जानकारी के अनुसार बरेला - मण्डला मार्गखण्ड के अंतर्गत ग्राम बबैहा के निकट पूर्व में विद्यमान पुल पर सुरक्षा जांच का कार्य प्रारंभ होने व तदुपरांत आवश्यकतानुसार सुधार / मरम्मत / सुदृढीकरण का कार्य संभावित होने के कारण बरेला - मण्डला मार्गखण्ड के फूलसागर से नारायणगंज व्हाया बवैहा मार्ग को मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 सहपठित नियम 215 मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 के तहत् 30 दिवस के लिये दो-पहिया, तीन पहिया, चार पहिया ( कार, जीप, ट्रेक्टर एवं पिक-अप वाहन ) को छोड़कर मध्यम मालयान, भारी मालयान, एवं बसों को आवागमन / यातायात हेतु प्रतिबंधित किया जाता है। प्रतिबंधित किये गये मध्यम मालयान एवं भारी मालयानों हेतु मण्डला-फूलसागर - बबलिया - निवास - वरेला मार्ग का उपयोग एवं बसों हेतु मण्डला-फूलसागर - बबलिया-नारायणगंज- बीजाडांडी - वरेला मार्ग का उपयोग किया जावेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



# किसानों को एकीकृत कृषि प्रणाली प्राकृतिक खेती पर दी विस्तार से जानकारी

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा से विगत दिवस निकरा परियोजना के अंतर्गत विकासखण्ड पनागर के ग्राम उर्दुआ खुर्द के कृषकों के समूह को जनेकृविवि जबलपुर के शस्य विज्ञान विभाग की एकीकृत कृषि प्रणाली इकाई परियोजना के साथ-साथ विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक डॉ एस के विश्वकर्मा ने किसानों को एकीकृत कृषि प्रणाली के विभिन्न कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही प्राकृतिक खेती के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। निकरा परियोजना के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. अनय रावत ने बताया की फसलों का उचित प्रबंधन कैसे करें, जिससे कि बदलते मौसम के प्रतिकूल प्रभाव का असर फसलों पर कम से कम हो और किसानों की आय को बढ़ाया जा सके। ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी उन्होंने किसानों को विस्तार से दी। डॉ अभिजीत दुबे ने बोनी के समय और मौसम संबंधी कारकों का फसल उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन के लिए अखिल भारतीय समन्वित कृषि मौसम परियोजना के अंतर्गत चल रहे प्रयोगों के बारे में बताया। डॉ. पी. पी. सिंह एवं सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने किसानों को भौतिकी एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित मौसम वेद्यशाला का भ्रमण कराकर मौसम संबंधी आंकड़ों को एकत्र करने की विधियों से अवगत कराया। किसानों के भ्रमण को सफल बनाने में डॉ. श्रद्धा भोपले, डॉ. आशीष सिंह, आकाश वैष्णव एवं प्रीतम रजक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जबलपुर में मई से पेंटीनाका-रद्दी चौकी फ्लाईओवर का निर्माण होगा शुरू

## 200 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, डीपीआर बनाने की चल रही प्रकिया



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर में आगामी चार माह में दो नए फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होते दिखाई देगा। पेंटी नाका और रद्दी चौकी में यह फ्लाईओवर बनाया जाना है। केंद्र सरकार की सेतु बंधन योजना के तहत दो नए फ्लाईओवर को मंजूरी मिली हुई है। मप्र सड़क विकास निगम को यह फ्लाईओवर निर्माण का जिम्मा मिला हुआ है। जिसके द्वारा फ्लाईओवर की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करवाई जा रही है। रिपोर्ट केंद्र के पास भेजने के बाद इसका टेंडर निकाला जाएगा। कोशिश की जा रही है कि मई तक सारी प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण शुरू कर दिया जाए। मप्र सड़क विकास निगम के एमडी राजेंद्र चंदेल ने बताया कि अप्रैल तक फ्लाईओवर का टेंडर निकाल दिया जाएगा। पहले इस फ्लाईओवर को 40 करोड़ रुपये की लागत में बनाया जाना था लेकिन मौजूद समय में इसकी लागत 100-100 करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गई है। 800 मीटर होगी लंबाई- राजेंद्र चंदेल ने बताया कि पेंटी नाका से फ्लाईओवर का निर्माण होगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। इसी तरह रद्दी चौकी पर बनने वाले फ्लाई ओवर की लंबाई भी 800 मीटर ही होगी। रद्दी चौकी में फ्लाई ओवर आधारताल चौक से आगे तक जाएगा। वहीं पेंटी नाका में यह फ्लाईओवर सेंट जोसफ स्कूल से सर्किट हाउस की तरफ तक निर्माण होगा। इससे भारी वाहन फ्लाईओवर से निकल जाएंगे। इससे जाम की स्थिति नहीं पैदा होगी। यातायात भी सुगम होगा।

### बिजली के खंभे भी होंगे शिफ्ट

दोनों ही फ्लाईओवर के निर्माण में बिजली के खंभे के अलावा पानी की पाइप लाइन और सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। फ्लाईओवर की ऊंचाई करीब पांच-पांच मीटर होगी। बिजली विभाग ने पोल और ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने का अनुमानित खर्च मांगा जाएगा। जिसके आधार पर निर्माण एजेंसी को कार्य की जिम्मेदारी दी जाएगी।

स्वच्छ भारत अभियान 2023 के अंतर्गत

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल रॉझी में लगी स्वच्छता की पाठशाला



### विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**जबलपुर,यशभारत।** स्वच्छ भारत अभियान 2023 के अंतर्गत स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल रांझी में किया गया। आयोजन में केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई व बच्चो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जहाँ बच्चो को कचरे को अलग-अलग करना क्यों आवश्यक है, तथा कचरे से खाद बना कर घरेलू उपयोग में कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है, की जानकारी दी गई। वार्ड पार्षद अमर प्रीति रजक द्वारा बच्चो को अपने आस-पास की स्वच्छता से स्वछतम जबलपुर का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आदित्य कंस्ट्रक्शन के गणेश राव द्वारा बच्चो को सिंगल यू? प्लास्टिक का उपयोग ना कर आप पर्यावरण व खुद के स्वास्थ की रक्षा कैसे कर सकते है बताया गया। इसी क्रम में नगर निगम मिडिल स्कूल में भी स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया, जहाँ सिंगल यू? प्लास्टिक इस्तेमाल ना करने को लेकर एक जनजागरूकता रैली भी स्वच्छता के संदेश के साथ निकाली गई। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद, के साथ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक तृप्ति चौधरी, राधा पवार, तथा अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

# इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक द्वारा विशेष कैंप प्रारंभ

## अकाउण्ट खोलने हेतु विद्यार्थियों में उत्साह



**जबलपुर, यशभारत।** उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर द्वारा जबलपुर संभाग के सभी जिलों के सभी 86 शासकीय महाविद्यालयो में तीन दिवसीय विशेष कैंप प्रारंभ हुआ। इसी के अंतर्गत आज शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर में इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर द्वारा लगाये गये कैंप का उद्धाटन डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक, उच्च षिक्षा विभाग, जबलपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ.लीला भलावी ने कहा कि जबलपुर संभाग के सभी शासकीय महाविद्यालयों में आज से तीन दिवसीय कैंप प्रारंभ किया गया है। जिसमें विद्यार्थियों का इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक में खाता खोला जायेगा एवं विद्यार्थियों को पेमेंट बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि उक्त कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को बैंकिंग जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्र में भुगतान बैंको की भूमिका की जानकारी प्रदान की जायेगी। कैंप में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों में अकाउण्ट खुलवाने हेतु उत्साह रहा।

कर्मचारी जगत

# 20 जनवरी को जिले के घटक दलों द्वारा सौंपा जाएगा ज्ञापन



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यकारणी के निर्णय के अनुसार संभागीय स्तर के स्थान पर जिलों में प्रतिनिधियों को मोर्चा में सामिल घटक दलों के साथियों के साथ मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया कि मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष एम पी द्विवेदी ,कार्यकारी अध्यक्ष श्री महेंद्र शर्मा ने 20जनवरी के ज्ञापन कार्यक्रम में संशोधन आदेश जारी किया है। प्रदेश कार्यकारणी के निर्णय के अनुसार संभागीय स्तर के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को जबलपुर जिले में एकत्रित नहीं होना है। जिले का पदाधिकारी ही मांग पत्र सौंपेंगे। जबलपुर में मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, विश्वदीप पटेरिया, संतोश मिश्रा, नरेश शुक्ला, संजय गुजराल, मुकेश चतुर्वेदी, प्रसान्त सोंधिया, रविकांत दहायत, देव दोनेरिया, एस के वांदिल, मुकेश मरकाम, नंदूलाल झारिया, धीरेंद्र सिंह,कपिल दुबे, संतोश दुबे, यू.एस करोसिया, रविबांगड, पी एल गौतम द्वारा जबलपुर में प्रतिनिधि को ज्ञापन दिया जाएगा।

### तेजभान सिंह बने प्रांतीय सचिव



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक बताया की संस्कारधानी के पूर्व एथलीट तेजभान सिंह को राकेश श्रीवास संभाग अध्यक्ष की अनुशंसा पर तेजभान सिंह को जागरूक खेल संघ का प्रांतीय सचिव नियुक्त किया गया हैद्य संघ ने बताया कि तेजभान सिंह का खेल के प्रति सर्मपण और संगठन में पूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गई है और साथ ही संघ ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है द्य इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जीवन लाल रजक, राममूर्ति पिल्ले , राकेश श्रीवास , के एल उस्मानी, राजकुमार यादव , धनराज पिल्ले, लारेंस मार्टिन, क्रिस्टोफर नरोना, जुगनू उस्मानी, कुलदीप सिंह, बंटी रजक, मोदित रजक, रमन पिल्ले ,सुनील रिचर्ड्सन आदि ने तेजभान सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एसी कोच में अटेंडर से जीआरपी ने पकड़ी शराब



**जबलपुर यश भारत।** पुरी से चलकर वलसाड जाने वाली गाड़ी के एसी कोच में अटेंडर द्वारा 20 देसी शराब बेचने की फिराक में रखा हुआ था गाड़ी जबलपुर आने पर जीआरपी ने दबिश देते हुए अटेंडर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसके पास से 20 देसी शराब जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की गई। इस संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पुरी वलसाड एक्सप्रेस के एसी ड्ढ1 कोच में अटेंडर दुबे द्वारा अवैध रूप से देसी शराब बेचने के लिए रखा हुआ था यह जानकारी किसी यात्री को लगते ही उसके द्वारा कंट्रोल को सूचना दी गई जिसके आधार पर जीआरपी हरकत में आई और गाड़ी जबलपुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचने के बाद संबंधित कोच मैं पहुंची जहां पर फीजर मैं 20 पाव देसी मदिरा जप करते हुए अटेंडर से पूछताछ की गई जीआरपी ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए बाद में अटेंडर को जमानत पर रिहा कर दिया गया उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी सुनील नेमा के निर्देशन पर एएसआई सुशील सिंह अरुण तिवारी गोपाल सिंह द्वारा की गई।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1227/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 16/1/23

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रामेश्वर प्रसाद तिवारी पिता भगवत प्रसाद तिवारी निवासी आमनपुर मदनमहल जबलपुर के द्वारा मौजा स्थित भूमि खसरा नंबर प्लाट नं 73 ख नं 38/1 में से रकवा 3000 वर्गफुट भूमि पर भगवत प्रसाद तिवारी की मृत्यु दिनांक 1.4.1997 को हो जाने के कारण हक में फौती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6/2/23 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 16/1/23
पेशी दिनांक - 6/2/23

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**Jabalpur Municipal Corporation Jabalpur**
**NOTICE INVITING E-TENDER (2nd Call)**

NIT No. : JMC/Garden/2022-23/PRO/662 Date 16.01.2023

Jabalpur Municipal Corporation (Garden Department) invites tender for the Operation Maintance of Existing water Fountain System at Bhawartal Garden Jabalpur" Detail of tender's can be obtained/download from our web-site-htttps://mptenders.gov.in

Executive Engineer (Garden)
Municipal Corporation, Jabalpur

**Jabalpur Municipal Corporation (M.P.)**
**NOTICE INVITING E-TENDER (2nd Call)**

NIT No. : W.S./2022-23/326/PRO/661 Date 16.01.2023

Jabalpur Municipal Corporation invites tender for the "Supply of RCC Slab Cutter Machine, Metal Cutter Machine, Wire Saw Machine & Electric Breaker Machine" Detail of tender's can be obtained/download from our web-site-www.mptenders.gov.in

Executive Engineer Workshop/Store
Municipal Corporation, Jabalpur

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
**लोकक्कर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No./ PWD-e-tendering/PRO/665 दिनांक 16/01/2023

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सं.क्रं. -15 | करमेता के अंतर्गत शंकर नगर में मुक्तिधाम में शेड एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | जबलपुर | रू. 11.76 लाख (ग्यारह लाख छियत्तर हजार रूपये मात्र) | 04 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptenders.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 20.01.2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 20.02.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिका निगम जबलपुर

रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689

## भोपाल में धूप, लेकिन बर्फीली हवाओं से ठिठुरन

# ग्वालियर में 24 घंटे में हार्ट-अटैक से 5 की मौत

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश में ठंड हाड़ कंपा रही है। कड़कड़ाती सर्दी का दौर दो-तीन दिन और रह सकता है। इंदौर में रविवार के बाद सोमवार को भी सीजन का चौथा कोल्ड डे रहा। भोपाल में रातें सर्द हैं। ग्वालियर-चंबल में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम है। अधिकतम तापमान भी 20 डिग्री से नीचे है। इलाका कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। धूप तो खिल रही है, लेकिन बर्फीली हवाएं चुभन भरी हैं। ग्वालियर में 24 घंटे में हार्ट अटैक से 5 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार 19 जनवरी के बाद दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कड़ाके की सर्दी का असर कम होगा। पहला विक्षोभ 18, जबकि दूसरा 20 जनवरी को एक्टिव होगा। ग्वालियर-चंबल संभाग के अलावा उमरिया, रतलाम, रायसेन, राजगढ़, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, इंदौर, धार, जबलपुर में भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। उमरिया, छतरपुर, राजगढ़, ग्वालियर और दतिया में पाला गिरने के आसार हैं।भोपाल में धूप खिल रही है, लेकिन बर्फीली हवाओं के कारण धूप का असर कम है। लगातार दूसरे दिन सीजन की दूसरी सबसे सर्द रात रही। रविवार रात का पारा 7 डिग्री



रिकॉर्ड हुआ। हालांकि, सोमवार दिन में पारा 0.8 डिग्री चढ़कर 20.9 डिग्री पर जा पहुंचा। एक दिन पहले संक्रांत वाले दिन भी न्यूनतम पारा 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। 15 साल में संक्रांति वाले दिन राजधानी की सुबह सबसे सर्द थी। अगले 24 घंटे प्रदेश में रात का पारा ऐसा ही बना रहेगा।इंदौर में रविवार के बाद सोमवार को भी कोल्ड डे रहा। अधिकतम तापमान में सुधार हुआ। पारा 20.6 से बढ़कर 22.5 डिग्री रहा, लेकिन यह सामान्य से 5 डिग्री कम है। ठंड अधिकतम तापमान के आंकड़े से ज्यादा महसूस हो रही है। दिन में भी हवा में ठिठुरन का एहसास हो रहा है। 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पूर्वी हवा चल रही है। 10 बजे के बाद धूप में कुछ तेजी जरूर आ रही है, लेकिन 2 बजे के बाद धूप पर हवा भारी पड़ने लगती है। शाम 5 बजे तक तापमान तेजी से गिर जाता है। ठंड से अगले दो-तीन दिन राहत मिलने के आसार नहीं हैं।बर्फ से ढंके पहाड़ों से टकराकर अंचल की ओर आ रही उत्तरी हवा से ग्वालियर-चंबल संभाग कड़ाके की ठंड की चपेट में है। कड़ाके की सर्दी अब जानलेवा हो रही है। छ्व्रा के कार्डियोलॉजी विभाग, रतन ज्योति डालमिया हार्ट सेंटर, कल्याण मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में पिछले 24 घंटे में हार्ट अटैक के 27 मरीज पहुंचे। इनमें से 5 मरीजों की मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि इनमें से 4 मरीज तो ऐसे थे जिन्होंने अस्पताल आने से पहले ही दम तोड़ दिया था, जबकि एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। सर्दी बढ़ने के कारण कार्डियोलॉजी विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। यहां मरीजों को फ्लोर तक पर भर्ती करना पड़ रहा है। कार्डियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत रस्तोगी ने बताया कि दांत, छाती और पेट में दर्द हो तो इसे नजरअंदाज नहीं करें। तुरंत विशेषज्ञ को दिखाकर जांच अवश्य कराएं।

# पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने चुनाव नहीं लड़ने का किया ऐलान

### कहा- पार्टी कही तो कमलनाथ के खिलाफ लड़ूंगा

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और बालाघाट विधायक गौरीशंकर बिसेन ने चुनाव नहीं लड़ने के लिए ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी अगर मुझे कहेगी तो मैं छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ लूंगा, लेकिन बालाघाट से चुनाव कभी नहीं लड़ूंगा। विषय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मैंने बहुत बार चुनाव लड़ लिया है, अब मैं युवाओं को मौका देना चाहता हूं। बालाघाट विधायक ने कहा कि अगर पार्टी नेतृत्व मुझसे छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ने के लिए कहेगा तो मैं बेहतर चुनाव लड़ लूंगा। मुझे इस पर कोई एतराज नहीं होगा।गौरतलब है कि छिंदवाड़ा विधानसभा सीट से कमलनाथ विधायक हैं। गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि बालाघाट की जनता ने मुझे 13 बार जिताया है। मैंने वहां से लोकसभा और विधानसभा दोनों में विजय हासिल की है। बीजेपी ने एक बार मेरी पत्नी को टिकट दिया था। 14 बार हो गया, बहुत हो गया नई पीढ़ी को मौका मिलना चाहिए। दो दिन पहले बालाघाट में आरटीओ को अपशब्द कहने के मामले पर गौरीशंकर बिसेन ने खेद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भूलवश वह बयान दे दिया गया था, मैं उससे माफी मांगता हूं। गौरतलब है कि गौरीशंकर बिसेन ने खाने में एक बैठक आयोजित की थी, जिसमें आरटीओ को अपशब्द कहते हुए गालियां दी थी। इस बयान ने भी काफी तूल पकड़ा था और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भी उनके चरित्र पर सवाल खड़े किए थे।



# महापौर हेल्पलाइन पर आईं कुल 179 शिकायतों में से 171 का हुआ निराकरण

**भोपाल यशभारत।** शहर में लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए नगर निगम द्वारा महापौर हेल्पलाइन की शुरूआत की गई है। जिस पर लोग अपनी समस्याओं को लेकर शिकायतें दर्ज करा रहे हैं तो वहीं उनका समाधान भी किया जा रहा है। एक जनवरी से शुरू हुई महापौर हेल्पलाइन पर अब तक कुल 179 शिकायतें आई थी, जिनमें से 171 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है। इन शिकायतों की सोमवार को महापौर मालती राय ने समीक्षा की और फोन पर शिकायतकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान महापौर ने यह जाना कि लोगों की समस्या का समाधान हुआ या नहीं हैं। वहींजहां शिकायतों का समाधान नहीं हो सका है, वहां संबंधित अधिकारी से बातचीत कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। इन





शिकायतकर्ताओं से महापौर ने की बातचीतमहापौर मालती राय ने हेल्पलाइन सेंटर पहुंचकर अधिकारी एवं कर्मचारियों से बातचीत की और शिकायतों का विवरण जाना। अधिकांश शिकायतें वृद्धावस्था पेंशन, समग्र आईडी, बीसीएलएल की बसें, साफ-सफाई, जलप्रदाय आदि आ रही हैं। इस दौरान महापौर ने फोन लगाकर शिकायतकर्ता शगुफ्ता से बातचीत की। जिसने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी सास की वृद्धापेंशन नहीं आ रही है। इस परउसने महापौर को बताया कि पहले निगम कार्यालय के चक्कर लगाना पड़ रहे थे। महापौर हेल्पलाइन पर शिकायत की उसके बाद समस्या का समाधान हो गया है और उसकी सास को वृद्धावस्था पेंशन मिलना शुरू हो गया है। इसके बाद उन्होंने कविता पवार से बातचीत की, जिन्होंने समग्र आईडी नहीं बन पाने की शिकायत की थी। इस पर कविता के स्वजन ने बताया कि हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद उनकी सुनवाई हुई और समग्र आईडी बन गई है। वहीं एक महिला ने सिटी बस में आरक्षित सीट पर पुरुष बैठने की शिकायत की थी। इस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे। अब इन आरक्षित सीट पर पुरुष नहीं बैठते हैं।

### जलापूर्ति की समस्या का नहीं हुआ समाधान

महापौर मालती राय ने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से चर्चा की। लंबित शिकायतों में जलापूर्ति की सबसे अधिक हैं, जिनमें शिकायतकर्ताओं ने बताया है कि उनके क्षेत्र में जलापूर्ति नहीं हो रही है और हो भी रही है तो कम दबाव से पानी आ रहा है।

## पहले गुमठी में मारी टक्कर फिर भागते हुए दो मोटरसाइकिलों को बनाया निशाना

**भोपाल, यशभारत।** हबीबगंज इलाके में एक तेज रफ्तार कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाकर पहले एक गुमठी में टक्कर मारी, बाद में लोग उसे पकड़ने दौड़े तो वह तेजी से भागा तो आगे जाकर उसने हकीम होटल के पास बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनको गंभीर चोट आइ है, पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर कार जब्त कर ली है, जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि हुई है।। हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक ईश्वर नगर निवासी दीपू सिंह राजपूत कार चालक है। वह मंगलवार दोपहर में कोलार चौराहे से हबीबगंज की तरफ आ रहा था। रास्ते में उसने अक्षय अस्पताल के पास एक गुमठी में जोरदार टक्कर मारी, इसमें एक युवती को चोट लगी, लोगों से उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने लगा, बाद में उसने हकीम होटल के पास बाइक सवार दो भाईयों को टक्कर मार दी।

# मंत्रालय के सामने नकाबपोश उत्पाती युवाओं ने कार तोड़ी

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी में दो अलग-अलग जगहों पर निजी चौपहिया वाहनों में उत्पाती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ करने की घटना सामने आई हैं। पहला मामला अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र का है, जहां मंत्रालय के सामने कार के टकराने के बाद हुए विवाद पर उत्पाती युवाओं ने कार में तोड़फोड़ की और भाग गए तो इधर, निशातपुरा में अपनी रंगदारी दिखाते हुए दर्जनभर बदमाशों ने हाथों में डंडे लेकर पानी की सप्लाई करने वाले के आफिस के बाहर खड़ी उसकी नई एसयूवी में बुरी तरह तोड़फोड़ कर दी। दोनों ही वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।अरेरा हिल्स थाना प्रभारी आरके सिंह के मुताबिक वल्लभ नगर निवासी तुषार मिश्रा निजी काम करते हैं। उनका अपने घर के पास ही रहने वाले कुछ लोगों से कार टकराने को लेकर विवाद हो गया था। इस पर दोनों के बीच में कार की मरम्मद करने की लेकर समझौता हो गया था, लेकिन कार न सुधारवाने को लेकर दोनों में फिर से विवाद हो गया। बाद में अज्ञात आरोपितों ने कार में जमकर तोड़फोड़ कर दी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि मुंह पर रूमाल बांधे कुछ लड़के हाथ में डंडा, राड वगैरह लेकर आते हैं और कार के शीशों पर प्रहार करते हुए तोड़फोड़ कर भाग जाते हैं।उधर निशातपुरा में रवि मौर्य पानी की सप्लाई करने का काम करता है। करोंद

### निशातपुरा में एसयूवी में तोड़फोड़

बाइपास में उसका पानी की सप्लाई करने कार्यालय है, जहां पर सौरभ ठाकुर, सचिन बच्चा और रविंद्र ठाकुर अपने कुछ साथियों के साथ कुछ दिन पहले पानी की बुकिंग करने आए थे। इस पर रवि ने उनसे रुपये जमा करने का बोला था। इसी बात पर यह लोग भड़क गए और उससे विवाद करने लगे। बाद में आरोपितों ने रवि मौर्य की कार्यालय के बाहर खड़ी नई एसयूवी कार में तोड़फोड़ कर दी। ये लोग हाथों में डंडे लेकर आए थे। आरोपितों ने अपने चेहरे नकाब से ढक कर रखे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित आसानी से धमकाकर फरार हो गए। गाड़ी में तोड़फोड़ करने वारदात रवि की दुकान के आफिस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस में भी मामले की शिकायत की गई है। पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी है।

# मध्यप्रदेश कांग्रेस श्रमिक प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन महामंत्री, संगठन सचिव, सचिव के साथ कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये

भोपाल,यशभारत। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी के निर्देश पर, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी जे.पी. धनोपिया के अनुमोदन से मध्यप्रदेश कांग्रेस श्रमिक प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई है। प्रदेश कांग्रेस श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बी.डी. गौतम ने बताया है कि प्रदेश कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन महामंत्री, संगठन सचिव, सचिव और कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किये गये हैं।श्री गौतम ने बताया कि कृपाशंकर वर्मा जबलपुर, शिवकुमार नामदेव शहडोल, श्यामसुंदर यादव इंदौर और राजेन्द्र सिंह नाती ग्वालियर को प्रकोष्ठ का प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं श्रीमती सुमन सिंह गहरवार अनूपपुर, राजेन्द्र सिंह यादव भोपाल, महेश मालवीय भोपाल, के.के. नेमा भोपाल, अशोक शर्मा भोपाल, जे.पी. गौड भोपाल, बीएस वर्मा सीहोर, आर.आर. पाराशर सागर, अशोक गोस्वामी ग्वालियर, जितेन्द्र रघुवंशी नागदा को प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष, शेषमणि पाण्डे देवास को संगठन महामंत्री बनाया गया है। श्री गौतम ने आगे बताया कि सुशीला यादव इंदौर, रतिराम यादव ग्वालियर, दिलीप सिंह परमार देवास, महेश राजपूत देवास, अरविंद सोनी रतालाम, अर्जुनलाल निमावत रतलाम, फूलसिंह यादव भोपाल, समर बहादुर सिंह पन्ना, एम.एल. मालवीया खरगोन, के.के. पुरोहित महेश्वर, लालचंद पटेल नेपानगर, सुरेश श्रीवास्तव मंडीदीप, सुरेन्द्र कुमावत मंदसौर, ज्ञानचंद चौरसिया शहडोल, आनंद प्रकाश दुबे जबलपुर, जयमूर्ति मिश्रा जबलपुर, डी.के. सोलंकी उज्जैन और आलोक सेंगर भोपाल को प्रकोष्ठ का संगठन सचिव बनाया गया है।श्री गौतम ने बताया कि श्रीमती मधु कुडावत मंदसौर, मनोज मिश्रा अनूपपुर, ध्रुव नारायण गुप्ता शहडोल, आजाद मोहम्मद उमरिया, ओ.पी. भदौरिया उज्जैन आदि।

## विदेशी मेहमानों के लिए बनी देशी रसोई

# जी-20 की मीटिंग में आए डेलीगेट्स ने खाई चूल्हे पर बनीं ज्वार, बाजरे की रोटियां

**भोपाल यशभारत।** राजधानी भोपाल में जी-20 के तहत टी (थिंक) -20 की बैठकें हो रही हैं। आज यानि मंगलवार को टी-20 की बैठकों का समापन होगा। इन बैठकों में शामिल होने भारत समेत 22 देशों से सैंकड़ों प्रतिनिधि आए हैं। इससे पहले सोमवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। खास बात ये है कि मेहमानों के लिए लंच, डिनर के लिए मप्र की देशी परंपरा का भी ध्यान रखा गया।कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित टी-20 की बैठकों में शामिल होने आए देश-विदेश के प्रतिनिधियों के भोजन के लिए गांवों की तरह देशी स्टाइल में च्च्मां की रसोईज्ज बनाई गई। इसमें महिलाओं ने ज्वार, बाजरा, मक्का



की रोटियां चूल्हे पर बनाईं। मेहमानों ने इन रोटियों का स्वाद चखा।सभागार परिसर में ही मेहमानों को मल्टीग्रेन यानि भारत के परंपरागत मोटे अनाजों की जानकारी देने के लिए मां की रसोई में कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, मक्का, चना, फिकार जैसे अनाजों के सेवन से होने वाले फायदों की जानकारी दी गई। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के बाहर मप्र के आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, कलाकृतियों, आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई है।सेंटर के बाहर मप्र के आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, कलाकृतियों, आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस एग्जिबिशन में देशी-विदेशी मेहमानों को मप्र की आदिवासी संस्कृति और कला की झलक देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी में विदेशी प्रतिनिधियों ने खरीदारी भी की। प्रदर्शनी के जरिए आदिवासी कलाकारों को अपनी प्रतिभा को विदेशों तक पहुंचाने के लिए मंच मिल गया। मंगलवार शाम 7 बजे से यह प्रदर्शनी आम लोगों के लिए भी खुली रहेगी।

# कांग्रेस और राष्ट्र निर्माण की गाथा पुस्तक भेंट करने

### कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मांगा समय

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ के मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री पीयूष बबेले द्वारा लिखित एक पुस्तक ''कांग्रेस और राष्ट्र निर्माण की गाथा'' को लेकर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा वैचारिक आपत्ति दर्ज करायी जा रही है, जबकि वह पुस्तक ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है, जिसमें कोई भी ऐसी बात नहीं लिखी गई है, जो तथ्यपरक न हो। मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा से आग्रहपूर्वक कहा है कि कांग्रेस पार्टी उक्त पुस्तक को आपको भेंट करना चाहती है, ताकि आप और आपका राजनैतिक दल उसका पठन-पाठन करे, पुस्तक में प्रकाशित उक्त तथ्यों की समीक्षा करे। साथ ही देश की नई पीढ़ी के समक्ष उन ऐतिहासिक तथ्यों के खिलाफ जहर घोलने का कुप्रयास न करे।श्री मिश्रा ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष से आग्रह किया है कि आप अपने मुख्यालय में या अन्य स्थान पर जहां भी मुनासिब हो कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात करने का समय दें, ताकि उक्त पुस्तक आपको भेंट की जा सके।

## पाकिस्तानी से कराई शादी भागकर भोपाल आई कश्मीरी युवती

# बोली-राज खुला तो रोज पीटने लगा सुनाई पति के जुल्मों की दास्तां

**भोपाल ,ईएमएस। एक युवती की शादी उसके अपनों ने ही धोखे से पाकिस्तानी युवक से करा दी। राज खुला तो कोर्ट ने शादी ही खारिज कर दी। इसके बाद युवती से युवक मारपीट करने लगा। दुबई ले जाने का दबाव बनाने लगा, जिससे वह डर गई। जैसे-तैसे चंगुल से छूटकर वह भोपाल आ गई। अब लड़की ने युवक और परिवार वालों के साथ रहने से मना कर दिया है।**

ये दास्तां है जम्मू-कश्मीर की रहने वाली 23 साल की युवती की। जो 8 जनवरी 2023 से जम्मू कश्मीर के ऊधमपुर से भोपाल आकर अपने दोस्त के यहां रह रही है। उसका दोस्त भोपाल में मेट्रो प्रोजेक्ट में काम करता है। युवती ने रविवार को गोविंदपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसकी बहन और जीजा सोमवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ उसे वापस लेने भोपाल आए, तो उसने जाने से इनकार कर दिया। ऐसे में जम्मू-कश्मीर पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। युवती ने बताया- मैं उधमपुर के रैम्बल थाना क्षेत्र के सुनरी की रहने वाली हूं। मैं अपने माता-पिता के साथ रहती थी। 2 दिसंबर का दिन। मेरी चचेरी बहन और जीजा ने रोशन नाम के युवक से मेरी जबरन शादी करा दी। रोशन पाकिस्तानी हिंदू है। इस बारे में मुझे पता नहीं था। शादी के शुरुआती दो दिन में मैंने रोशन की सोशल मीडिया प्रोफाइल देखी। इसमें उसके पाकिस्तानी मूल के होने का मुझे पता चला। हालांकि एकबारगी मुझे अपनी आंखों पर विश्वास ही नहीं हुआ। इसके बाद मैंने कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा। 6 दिसंबर को हम कोर्ट मैरिज करने पहुंचे। यहां दस्तावेज देखने के बाद जज ने शादी कराने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि युवक पाकिस्तानी मूल का नागरिक है। ऐसे में ये शादी नहीं हो सकती। यही नहीं आर्य समाज में हुई शादी को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया। इससे मेरा शक यकीन में बदल गया।

### वो मुझसे मारपीट करने लगा

राज खुला तो रोशन ने मुझे प्रता?ित करना शुरू कर दिया। वो मुझसे मारपीट करने लगा। शादी के बाद से वह मुझ पर दुबई चलने का दबाव बनाने लगा। इससे मैं डर गई। 12 दिसंबर को रोशन खुद ही दुबई निकल गया। बाद में दीदी-जीजा ने भी मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। 15 दिसंबर को मौका पाकर मैं अपने घर आ गई। यहां माता-पिता को पूरी बात बताई, लेकिन उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया।

### भोपाल में रहने वाले दोस्त से मांगी मदद

मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था। मैंने 7 जनवरी को भोपाल में रहने वाले अपने दोस्त मनजीत सिंह से संपर्क किया। हम दोनों स्कूल में साथ ही पढ़ते थे। मैंने दोस्त से कहा कि मेरे साथ कोई अनहोनी हो सकती है, इसलिए मैं कश्मीर छोड़कर भोपाल आ रही हूं। तुम्हें मेरी मदद करनी होगी। यह कहकर 8 जनवरी को मैं भोपाल आ गई। बता दें कि मनजीत भी जम्मू-कश्मीर के बरोला का रहने वाला है। वह पिछले 10 महीने से भोपाल में रहकर मेट्रो प्रोजेक्ट में काम कर रहा है।युवती ने घर पर छोड़े लेटर में लिखा- मैं घर से जा रही हूं। मेरी शादी जहां की गई है, मुझे वहां नहीं रहना है, इसलिए मैं घर छोड़कर जा रही हूं।

### कश्मीर पुलिस बनाने लगी दबाव

इधर, कश्मीर में युवती के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। युवती भोपाल में अपने दोस्त मनजीत के यहां चली गई थी, ये बात उसके दीदी-जीजा को भी पता चल गई। इधर, ऊधमपुर पुलिस मनजीत को कॉल कर परेशान करने लगी। पुलिस उसे फर्जी मामलों में फंसाने की धमकी दे रही थी। इस पर मनजीत ने अपने एडवोकेट अजीत सिंह को पूरी बात बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वकील उसे अपने साथ गोविंदपुरा थाने लेकर पहुंचे। 9 जनवरी 2023 को ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क, गोविंदपुरा पर युवती ने शिकायत दर्ज कराई। भोपाल में हेड कॉन्स्टेबल सोनिया पटेल और काउंसलर सुषमा संजीव की देखरेख में 12 जनवरी को युवती की काउंसिलिंग कराई गई। इसके बाद ऊधमपुर पुलिस से संपर्क किया गया। इसके बाद ऊधमपुर से टीम भोपाल के लिए रवाना हुई। टीम रविवार( 15 जनवरी ) को भोपाल पहुंची। पुलिस के साथ युवती के दीदी-जीजा भी थे। उनके सामने बातचीत के बाद भी युवती ऊधमपुर जाने को तैयार नहीं हुई। बालिग होने की वजह से युवती से मर्जी से रुकने की बात लिखवा ली गई। ऐसे में ऊधमपुर पुलिस के खाली हाथ लौटना पड़ा।

### ऐसी भाषा लिखी कि करवाना पड़ा अनुवाद

युवती ने मनजीत के साथ रुकने का फैसला किया। ऊधमपुर से आई पुलिस टीम के साथ जब युवती ने जाने से इनकार कर दिया, तो पुलिस से मामले की पैरवी लिखवाई गई। इसे जम्मू-कश्मीर की पुलिस ने अपनी भाषा यानी उर्दू में लिख दिया गया। उसे प?ने के लिए उर्दू जानने वालों को बुलाया गया, लेकिन वो भी भाषा समझ नहीं सके।

# आरपीएफ ने रेलवे में आरक्षक भर्ती की फर्जी खबर फैलाने वाली गैंग को बिहार से दबोचा



**जबलपुर यशभारत।** रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) में आरक्षक के पद पर 19800 पदों पर भर्ती निकलने का फर्जी विज्ञापन प्रसारित करने वाली एक गैंग के दो सरगनाओं को रेल सुरक्षा बल जबलपुर की टीम ने बिहार के गया शहर से खोजकर गिरफ्तार करने का उल्लेखनीय कार्य किया है इंटरनेट तथा सोशल मीडिया साइटस् में उक्त भर्ती का विज्ञापन जारी कर पढे लिखे बेरोजगार युवाओं को भ्रमित कर वसूली करने की जानकारी अलग-अलग माध्यमों से प्राप्त होने पर वरि. मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल, जबलपुर अरूण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आईटी सेल जबलपुर प्रभारी दीपेष मिश्रा एवं अभिषेक कुशवाहा द्वारा इस पर जॉच प्रारंभ की गई। सोषल मीडिया में चले रहे विज्ञापन से प्राप्त लिंक में एक वॉट्सअप ग्रुप Govt. Job center एवं टेलीग्राम ग्रुप Education ki duniya का संचालक/एडमिन जिसमें RPF Constable New Bharti 2023 की कुल 19,800 भर्ती का फर्जी विज्ञापन प्रकाशित कर दो संदिग्ध मोबाइल नम्बरों से अपराधियों द्वारा छात्रों में भ्रम फैलाकर गुमराह किया जा रहा था जिससे बडी संख्या में छात्रों में जिज्ञासा हुई और इस संबंध में रेलवे से आवष्यक पूछताछ करने लगे जिस कारण रेलवे को इस संबंध में वेकेंसी नही निकलने का स्पष्टीकरण भी देना पड़ा। आरोपियों द्वारा फर्जी विज्ञापन लिंक, वॉटसअप ग्रुप एवं टेलीग्राम ग्रुप को इस तरह डिजाइन किया था कि जब भी कोई जिज्ञासु छात्र इनको खोल कर देखता था तो इनके व्यूअर बढते और उसके बदले में उनको वेबसाइटों से आर्थिक लाभ मिलता था। इस तरह के फर्जी विज्ञापन से व्यूअर ज्यादा देर तक वेबसाइट पर रुकते हैं जिससे उनकों अधिक डॉलर में पैसे मिलता हैं। आरोपियों ने व्हाट्सएप,टेलीग्राम और वेबसाइट के माध्यम से RPF Constable New Bharti 2023 का फर्जी विज्ञापन पोस्ट किया अतः प्रोमोटर तथा एडमिन की जानकारी तकनिकी माध्यमों से एकत्र कर वेबसाइट के माध्यम से अपने व्यूअर को बढ़ाकर अमेरिकन डॉलर में पैसे कमाते हैं और उक्त सूचना की सत्यता की जांच हेतु आईटी सेल जबलपुर द्वारा समस्त डिटेल घटना स्थल के आधार पर आरपीएफ पोस्ट गया के माध्यम से भेजा गया और अनुरोध किया गया कि अपराधियों के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। उक्त सूचना की सत्यता की जांच हेतु आईटी सेल जबलपुर द्वारा उपलब्ध कराई गई मोबाइल संख्या को जिला पुलिस प्रशासन साइबर सेल से टावर लोकेशन प्राप्त किया गया, जिसका टावर लोकेशन एसडीआर में दिए गए पते पर केंद्रित पाया गया।जिस पर RPF/PST/GAYA एवं सीआईबी गया की संयुक्त टीम ने थाना वजीरगंज को सूचित करते हुए ग्राम - तिलोरा , थाना- वजीरगंज , जिला गया पहुंच कर दिए गए पता पर छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान घर के एक कमरे में दो व्यक्ति मोबाईल व लैपटॉप पर काम करते मिले । दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर दोनों ने अपना - अपना नाम क्रमशः 1. कुन्दन कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पे 0 - रविन्द्र प्रसाद , 2. सोनु कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पे 0 - उपेन्द्र प्रसाद दोनों ग्राम - तिलोरा , पो 0 - तुंगी , थाना- वजीरगजं , जिला - गया बताया। उक्त दोनों व्यक्तियों के कब्जे से बरामद मोबाइल और लैपटॉप को चेक करने पर उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप,टेलीग्राम और वेबसाइट के माध्यम से RPF Constable New Bharti 2023 का फर्जी विज्ञापन पोस्ट किया हुआ पाया गया तथा टेलीग्राम एप को चेक करने पर चैनल Education ki Duniya का प्रोमोटर तथा एडमिन पाया गया, जिस के संबंध में पूछने पर उन दोनों के द्वारा बताया गया कि इस वेबसाइट के माध्यम से अपने व्यूअर को बढ़ाकर अमेरिकन डॉलर में पैसे कमाते हैं और इस तरह के फर्जी विज्ञापन से व्यूअर ज्यादा देर तक वेबसाइट पर रुकते हैं जिससे हमें अधिक डॉलर में पैसे मिलता हैं। यह काम हम लोग वर्ष 2019 से कर रहे हैं। उक्त दोनों व्यक्तियों को भर्ती विज्ञापन की सत्यता की जांच किए बिना सदोष लाभ हेतु भर्ती विज्ञापन प्रकाशित किए जाने का अपराध बनने पर थाना वजीरगंज गया को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया,



# पमरे की नौ माह में ताबड़तोड़ कार्रवाई .टिकिट चेकिंग से 116 करोड़ 81 लाख का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर चलाए गए।**

टिकट जांच अभियानों के परिणामस्वरूप जबलपुर सहित तीनों मण्डलों पर चालू वित्तीय वर्ष के *अप्रैल से दिसम्बर तक कुल 16 लाख 56 हजार मामले पकड़े, और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 116 करोड़ 81 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया, जो कि पिछले वर्ष अर्जित आय 114 करोड़ 50 लाख रुपए की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है। नौ महीनों में मुख्यालय एवं मंडलों स्तर पर मुख्यालय सीसीएम स्कॉड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने पमरे से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध लगभग *33 हजार प्रकरण से रेलवे ने 02 करोड़ 56 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया है। जबलपुर मण्डल के टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध लगभग *06 लाख 41 हजार प्रकरण से रेलवे ने 49 करोड़ 73 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है इसी तरह से भोपाल मण्डल द्वारा मंडल के टिकट निरीक्षकों ने 06 लाख 15 हजार प्रकरण से रेलवे ने 40 करोड़ 62 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है वहीं कोटा मण्डल द्वारा टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकिट जाँच अभियान से 03 लाख 67 हजार प्रकरण से रेलवे ने 23 करोड़ 90 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि बिना टिकट यात्रा ना करें। उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

## ग्राम बोड़ी सगोड़ी के छात्र देवेंद्र पटेल बने सी.ए



**मझौली यश भारत ।** सिहोरा, ग्राम बोड़ी (सगोड़ी) तहसील मझौली के निवासी एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद पटेल एवं रेखा पटेल के पुत्र और जौहरी प्रसाद पटेल एवं हुकुम बाई पटेल के पोते देवेंद्र पटेल ने सालो के कड़े प्रयास से 10 जनवरी 2023 को चार्टेड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया है इनका स्वागत ग्राम पंचायत सगोड़ी के सरपंच दीपक साहू द्वारा किया गया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम




**पाटन, यशभारत।** शोभा सिंह यादव महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एस डी ओ पी सारिका पांडेय द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमो को विस्तार से बताया गया बही थाना प्रभारी आसिफ इकवाल ने कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को बताया हमारा जीवन अनमोल है और इसे हमे सुरक्षित करना हमारी जबाबदेही बनती है इस लिए सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात के नियमो का पालन करना चाहिये कार्यक्रम में महाविधालय के छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट भी प्रदान किया गए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सुनीता शर्मा उपनिरीक्षक अनुराग तोमर उपनिरीक्षक संतोष ठाकुर के साथ महाविद्यालय और पुलिस कासमस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बोलेरो की टक्कर से दो युवक घायल



**पाटन, यशभारत।** हनुमान मंदिर नाका न 2 के पास तेज़ रफ़्तार बोलेरो चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी जिन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए पाटन अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटे मल्लाह पिता बाबू लाल अपने साथी भगवान दास केवट दोनों गाड़ाघाट टपरिया निवासी है जो कि सोमवार शाम पाटन से बाजार के अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल गांव वापस जा रहे जब वह हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तो तेंदूखेड़ा की और से आ रही बोलेरो कार म प्र 66 टी 1966 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए जिन्हें हाथ पैर और सिर में गंभीर चोटें आ गयी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर बोलेरो चालक की तलाश की जा रही है

# सड़क दुर्घटना में घायल की कैसे करें मदद. मोहतरा ग्राम में सेमिनार आयोजित

**जबलपुर यश भारत।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तारतम्य में गोसलपुर के मोहतरा टोल प्लाजा में एलएनटी के तत्वावधान में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने भाग लिया इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 11 जनवरी से लेकर 17 जनवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की आधारभूत जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर मयंक चंसोरिया डॉक्टर ममता महोबिया आशीष गुप्ता आयुषी डॉक्टर अभिलाष डॉ अंजू डॉ अर्चना सक्सेना सिहोरा एसडीओपी भावना मरावी गोसलपुर थाना प्रभारी अनिल मिश्रा एवं एलएनटी के कुमार मयंक पीके सिंह राजू रंजन अखिलेश झारे हेमंत गौतम परितोष गुप्ता विवेक शर्मा संतोष सहित अन्य जन उपस्थित थे कार्यक्रम में सिहोरा एसडीओपी भावना मरावी ने जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात के नियमो का पालन करें। ट्रैफिक लाइट को कभी भी जंप करने का प्रयास ना करें। सिग्नल के हरे होने पर ही आगे बढ़े।वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनें। दोपहिया वाहन की स्थित में हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य है। सड़क के किनारे लगे सभी साइन बोर्ड के निर्देशों का पालन करें। शराब पीकर वाहन चलाना जानलेवा हो सकता है। सड़क सुरक्षा हेतु ओवरस्पीड एवं ओवरटेकिंग से दूर रहे। मार्ग पर नियत की गयी गति सीमा में ही वाहन चलाए। वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल ना करें सेमिनार में आसपास के काफी ग्रामीण जन भी उपस्थित` सेमिनार के माध्यम से यह जानकारी दी गई कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना ग्रस्त होता है तो उसका प्राथमिक उपचार कैसे किया जाए उन्होंने बताया यदि पीड़ित ने सांस लेना बंद कर दिया है, तो जांच लें कि उसका मुंह बाधित तो नहीं है।रुकावट को दूर करने और वायुमार्ग को साफ करने के लिए अपनी तर्जनी और मध्यमा का प्रयोग करें। जीवन रक्षक तकनीकों का प्रदर्शन करें यदि नाड़ी नहीं है और पीड़ित अनुत्तरदायी है और सांस नहीं ले रहा है, तो तुरंत सीपीआर करें इसके साथ ही पीड़ित के शरीर को ठीक करने की स्थिति में रखें, गर्दन को सीधा रखें, फिर सीपीआर के साथ आगे बढ़ें और एंबुलेंस की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाएं जिससे कि घायल की जान बच सके ।






# नर्मदा तटों पर रही भक्तों की भीड़

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** मकर संक्रांति के महापर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने साधनों से नर्मदा घाटों पर पहुँच कर आस्था की डुबकी लगाई गई। तेंदूखेडा क्षेत्र से लगे विल्थारी घाट बारह, ककरा घाट, छत्तरपुर घट सहित विभिन्न घाटों पर स्नानदान पूजनअर्चन किया। साथ ही विल्थारी घाट मे लगने वाले 3 दिवसीय मेले तथा मृगननाथधाम मे लगने वाले 1 दिवसीय परंपरागत मेलों का आयोजन भी किया गया। ककरा घाट मे विधायक संजय शर्मा के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया । जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान ब्रम्हा की तपस्थली ब्रम्हाण्डघाट में भी 15 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। जिसमे बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने पंहुचकर स्नान कर पुण्यलाभ अर्जित किया। यहां पर बड़ी संख्या मे व्यापारी वर्ग अपनी अपनी दुकाने लेकर पंहुचा करते है।

# बॉटल पकड़ने के चक्कर में गई युवा की जान

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** मकर संक्रांति के अवसर पर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न नर्मदा घाटों पर पुण्य सलिला मां नर्मदा मे स्नान करने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंहुचे थे। जहां डोभी के प्रतिष्ठित तथा सचिव संघ के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा के इकलौते पुत्र शिवम शर्मा उम्र 22 वर्ष की नर्मदा नदी में डूब जाने से मौत होने की जानकारी मिली है। चूंकि शिवम का शव समाचार लिखे जाने तक बरामद नहीं हो सका था जिसके लिये गोताखोरों का रेस्क्यू जारी था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे डोभी के ही आनंद वाठा अनुराग शर्मा और शिवम शर्मा अपनी बाइक से छत्तरपुर नर्मदा घाट नहाने की कहकर घर से निकले थे। छत्तरपुर घाट से नाव में बैठकर सामने की तरफ लिंगा घाट नहाने को चले गये। एक बार नहाकर तो तीनों वापस घाट पर आ गये थे। लेकिन बाद में पुनः बॉटल भरने के चक्कर में पुनः आनंद और शिवम घाट पर पंहुचे चूंकि बॉटल भरते समय हाथ से छूट जाने के कारण उसे पकड़ने शिवम नदी में कूंद गया पीछे से आनंद भी पकड़ने के चक्कर में कूंद गया। जब दोनों डूवने लगे तो वहीं पर खड़ा एक नोरिया समाज का युवा इन्हें डूबता देख कूंदा और आनंद को तो पकड़कर बाहर कर लिया लेकिन शिवम हाथ नहीं लगा। काफी दूर बह गया या नीचे ही खाई में दब गया यह स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। तत्काल आस पास के लोगों को सूचना दी गई। उनके स्तर से ढूंढ़ना प्रारंभ किया। परिजनों को जानकारी मिलते ही वह भी घटना स्थल पर पंहुच चुके थे। जानकार गोताखोर बरमान से भी पंहुच गये थे। लेकिन शिवम का पता नहीं लग सका। उसे ढूंढ़ने के लिये वर्गी से ऑक्सीजन सिलेंडर वाली टीम स्पेशल तौर पर बुलाई गई है। उसके आने के बाद ही कुछ पता लगने की उम्मीद जताई जा रही है। शिवम सचिव रामेश्वर शर्मा के एक मात्र सुपुत्र थे। घटना की जानकारी लगते ही डोभी क्षेत्र में शोक की लहर छा गई थी। तथा रामेश्वर शर्मा से जुड़े सभी साथी घटना स्थल पर एकत्रित हो गये।



# शारीरिक दक्षता परीक्षा में 10743 आवेदक होंगे शामिल



**जबलपुर यशभारत।** रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती प्रक्रिया के तहत शारीरिक दक्षता परीक्षा का शुभारम्भ 16 जनवरी से रेलवे स्टेडियम पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीयों की उपस्थित में शुरू हुआ इस भर्ती प्रक्रिया में रेलवे ने कुल 10743 आवेदकों को बुलाया है जिसके तहत पहले दिन 1500 उम्मीदवारों में से 1187 आवेदक ही रेलवे द्वारा आयोजित शारीरिक दक्षता (दौड़) में शामिल हुए.रेलवे की इस परीक्षा के शुभारम्भ के अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.के.अलबेला वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा के साथ ही रेलवे भर्ती प्रकोष्ट के अध्यक्ष डा. रमेश राव,संजय सिंहा तथा सहायक कार्मिक अधिकारी अरविन्द पांडे ने सुबह रेलवे स्टेडियम का निरीक्षण करके व्यवस्थाओ को देखा तथा पूरी भर्ती प्रकिया को पारदर्शी पाया. रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा आगामी 21 जनवरी तक प्रतिदिन आयोजित होगी जिसमे रेलवे के ग्रुप डी में भर्ती हेतु अधिसूचना क्र.01/2019 के तहत आवेदन करने बाले अभ्यार्थियों को रेलवे ने परीक्षा में सम्मिलित होने बुलाया है।

# वरिष्ठ जनों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का हुआ सम्मान

**जबलपुर यश भारत।** संयुक्त रजक समाज सभा ग्वारीघाट धर्मशाला जबलपुर के द्वारा रजक धर्मशाला ग्वारीघाट में परिचय सम्मेलन एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तरुण भनोत, विधायक, जबलपुर पश्चिम, पूर्व वित्त मंत्री, मध्य प्रदेश शासन एवं विशिष्ठ अतिथि विनय सक्सेना, विधायक, जबलपुर उत्तर उपस्तिथ रहें. सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां नर्मदा एवं संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. संयुक्त रजक समाज सभा के अध्यक्ष रमेश रजक, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रजक, सचिव राजेंद्र रजक ने मुख्य अतिथि तरुण भनोत एवं विशिष्ठ अतिथि विनय सक्सेना का स्वागत पुष्पगुच्छ एंव मोमेंटो प्रदान कर किया गया. कार्यक्रम के समन्वयक उप सचिव आलोक रजक ने संयुक्त रजक समाज सभा एवं रजक समाज की धर्मशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी दी मुख्य अतिथि तरुण भनोत एवं विनय सक्सेना के द्वारा रजक समाज के संरक्षक बाबूलाल रजक, बृज लाल रजक, गिरानी लाल रजक एवं अन्य 70 वरिष्ठ समाजसेवीओं को माल्यार्पण कर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं एवं स्नातक/ स्नातकोत्तर एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 50 बच्चों को भी सम्मानित किया गया। परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में समाज के लगभग 40 युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच में आकर दिया. मंच का संचालन आलोक रजक, अजय रजक और उमेश रजक 'रिंकू' के द्वारा किया गया.कार्यक्रम को सफल बनाने में संयुक्त रजक समाज सभा की कार्यकारिणी जिसमे अध्यक्ष रमेश रजक, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रजक, सचिव राजेंद्र रजक, उपाध्यक्ष सुदामा रजक, नीरज रजक, गुलाब रजक, सह-सचिव आलोक रजक एवं सदस्य अजय रजक, हेमराज रजक, विशाल रजक, संतोष रजक, उमेश रजक, मनीष रजक आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. सम्मेलन में जबलपुर जिले के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य जिलों के भी रजक समाज के प्रतिनिधियों की सराहनीय भूमिका रही ।




## सोनू निगम का आई बिलीव म्यूजिक और जेटसिंथेसिस का ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन लेकर आया श्री हनुमान चालीसा का दिव्य रूपांतर

**एजेंसी।** गोरखपुर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक ने जेटसिंथेसिस के डिजिटल मनोरंजन अंग ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के साथ श्री हनुमान चालीसा का म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया। यह लॉन्च माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गोरखपुर महोत्सव 2023 में किया गया। इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के इलाकों से 50,000 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। सोनू निगम के साथ इस म्यूजिक वीडियो में दर्शकों को हनुमान जी की स्तुति में अद्वितीय वीडियो इफेक्ट्स के साथ भक्ति स्तोत्र का नया अनुभव मिलेगा। हर प्रमुख ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तृत मौजूदगी के साथ यह वीडियो देश में युवाओं और बुजुर्गों, दोनों को आकर्षित करेगा। म्यूजिक एस्सेट लॉन्च के इतिहास में पहली बार यह म्यूजिक वीडियो एक साथ 50 से ज्यादा यूट्यूब चौनल्स पर रिलीज हो रहा है। म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के बारे में राजन नवानी चेयरमैन एवं एमडी जेटसिंथेसिस ने कहा हनुमान चालीसा हनुमान जी की स्तुति में सबसे लोकप्रिय स्तोत्र है और लाखों लोग प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढ़ते हैं। हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ गठबंधन में श्री हनुमान चालीसा का एक नया रूपांतर लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, जिसके साथ हम भारत में जेटसिंथेसिस डिजिटल एंटरटेनमेंट का और ज्यादा विस्तार कर रहे हैं। अपने सभी वर्टिकल्स में सोनू जी के साथ काम करने में बहुत मजा आता है, और हम इस लंबी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।



# मंदिर परिसर में पड़े भगवान और दादा गुरुदेव के चरण कमल

## चार दिनी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रवाहित हुई भक्ति की गंगा, हर तरफ हो रही जय-जयकार



**जबलपुर, यशभारत।** धर्म व आस्था के प्रतीक पूजनीय खरतरगच्छ आचार्य श्री जिनपियूशसागर सूरिश्वरजी जी मा. सा.के पावन सानिध्य में आयोजित चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के द्वितीय दिवस आज सोमवार को सगड़ा स्थित जैन मंदिर परिसर में ज्ञान और आध्यात्म की गंगा प्रवाहित हुई। सकल जैन श्वेताम्बर समाज के तत्वावधान में आयोजित समारोह के क्रम में आज प्रातः 7:30 बजे से दादा गुरुदेव व नाकोड़ा भैरव तथा अम्बिका देवी की प्रतिमाएं हर्षोल्लास के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश हुआ एवं विधि विधान से उनका पूजन सम्पन्न हुआ। ततपश्चात प्रातः 8 बजे से कुम्भ स्थापना, दीपक स्थापना व जवारा रोपण किया गया। अगले क्रम में, नवकारसी, अष्टमंगल व क्षेत्रपाल पूजन सम्पन्न हुआ। दोपहर 12 बजे से साधार्मिक वात्सल्य व सन्ध्या काल में मंत्रमुग्ध करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। धर्मनाथ जिनालय एवं जिनदत्त सूरिदादावाड़ी ट्रस्ट के राजेंद्र सांड, दिनेश बैद, नयन समदड़िया, मनीष कोठारी, सौरभ बड़ेरिया व मोहनीश भूरा आदि ने सभी से अधिकाधिक संख्या में पधारने की अपील की है।

### आयोजन में आज

भव्य आयोजन के तृतीय दिवस मंगलवार को मंदिर परिसर में प्रातः 8:30 बजे से नन्दावर्त पूजन प्रारंभ होगा। ततपश्चात 9:15 बजे से अठारह अभिषेक पूजा का शुभारंभ होगा। नवकारसी के पश्चात सायं काल में सुप्रसिद्ध संगीतकार रायपुर निवासी राहुल झाबक द्वारा सुंदर संगीत सन्ध्या की प्रस्तुति होगी।

# वायाकॉम-18 ने हासिल किया महिला आईपीएल के प्रसारण का अधिकार, 951 करोड़ रुपये की बोली लगाई




**मुंबई , एजेंसी।** रिलायंस की स्वामित्व वाली वायाकॉम-18 प्राइवेट लिमिटेड ने महिला आईपीएल के प्रसारण का अधिकार हासिल कर लिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने वायाकॉम-18 को महिला आईपीएल के मीडिया राइट्स जीतने के लिए बधाई भी दी। जय शाह ने कहा- वायाकॉम-18 को बीसीसीआई और बीसीसीआई विमेन पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद। वायाकॉम ने 951 करोड़ रुपये का वादा किया है, जिसका मतलब है अगले पांच वर्षों (2023-27) के लिए प्रति मैच मूल्य 7.09 करोड़ रुपये। महिला क्रिकेट के नजरिये से यह बेहद शानदार है। जय शाह ने बताया कि महिला आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए आज की बोली एक और ऐतिहासिक जनादेश है। यह भारत में महिला क्रिकेट के सशक्तिकरण के लिए एक बड़ा और निर्णायक कदम है, जो सभी उम्र की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। यह सचमुच एक नया सवेरा है।

## पुरुष आईपीएल के डिजिटल राइट्स भी वायाकॉम-18 के पास

इससे पहले वायाकॉम-18 ने पुरुष आईपीएल के भी डिजिटल राइट्स खरीदे थे। वायाकॉम-18 ने 23, 758 करोड़ रुपये में पुरुष आईपीएल के डिजिटल राइट्स पर कब्जा किया था। पुरुष आईपीएल के लिए मीडिया राइट्स चार पैकेज में बेचे गए थे। जिसमें से तीन पर वायाकॉम-18 ने कब्जा किया था। वायाकॉम ने पैकेज-बी यानी डिजिटल राइट्स के अलावा पैकेज-सी (चुनिंदा 18 मैच) को भी अपने नाम किया। उसने इसके लिए 2991 करोड़ रुपये की बोली लगाई। वहीं, पैकेज-डी को वायाकॉम ने टाइम्स इंटरनेट के साथ मिलकर 1324 करोड़ में खरीदा। पैकेज-डी में वायाकॉम-18 ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन में मैचों का प्रसारण करेगी। वहीं, टाइम्स इंटरनेट मिडिल ईस्ट, नॉर्थ अफ्रीका के साथ अमेरिका और दुनिया के बाकी देशों में मैचों के प्रसारण करेगी।

## 25 जनवरी को हो सकता है टीमों का एलान

बीसीसीआई ने अब महिला आईपीएल की टीमों को चुनने की कवायद भी तेज कर दी है। 25 जनवरी को महिला आईपीएल की पांच टीमों की घोषणा होनी है। बोर्ड ने इसके लिए 10 शहरों को शॉर्टलिस्ट किया है। वहीं, आईपीएल की 10 में से आठ फ्रेंचाइजी ने टीम खरीदने में रुचि दिखाई है। चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस सहित कई फ्रेंचाइजी बोली लगाने को तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के अलावा कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस ने महिला टीम खरीदने का मन बनाया है। वहीं, रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा है। महिला आईपीएल के शुरुआती सीजन में पांच टीमें खेलेंगी। पहला सीजन मार्च में आयोजित होगा।

# आर्सेनल के गोलकीपर रैम्सडेल को फैन ने मारी लात

## फैन पर स्टेडियम ने आजीवन बैन लगाया, विपक्षी टीम के खिलाड़ी से हुई थी

लंदन ,एजेंसी ।इंग्लैंड की प्रीमियर लीग में आर्सेनल के गोलकीपर आरोन रैम्सडेल पर एक विपक्षी टीम के फैन ने लात मारी ।हालांकि सिक्योरिटी समय पर पहुंच गई और उस फैन को किनारे किया ।आर्सेनल का मुकाबला अपनी राइवल टीम टॉटेनहेम से लंदन में स्थित उन्ही के स्टेडियम में हो रहा था ।मैच के ठीक बाद यह घटना हुई ।मैच के बाद रैम्सडेल की झड़प टॉटेनहम के रिचारलिसन से हो गई थी ।झड़प के बाद गोलकीपर गोलपोस्ट के पीछे गए ।इस बीच टॉटेनहम का एक फैन रैम्सडेल को मारने ग्राउंड पर आने लगा ।हालांकि वह रैम्सडेल को ज्यादा हानि नहीं पहुंचा सका ।टॉटेनहम मैनेजमेंट ने इस घटना की निंदा की और फैन को स्टेडियम से हमेशा के लिए बैन कर दिया ।

### टॉटेनहम ने अपने ही फैन को निकाला

फैन के लात मारने पर टॉटेनहम मैनेजमेंट ने कहा कि, आज के मैच में आर्सेनल के गोलकीपर पर फैन के हमला करने से हम चकित है। फुटबॉल में हिंसा के लिए किसी भी रूप में कोई जगह नहीं है। हिंसा का इस खेल में कोई स्थान नहीं है।



### मैनेजमेंट फैन की पहचान कर रहा है

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी फैन का पता नहीं लग पाया है। टॉटेनहम के स्टेटमेंट में उन्होंने कहा कि, हम उस फैन को ढूंढने के लिए पुलिस और ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा की मदद ले रहे है। फैन के मिलते ही आर्सेनल और रैम्सडेल के साथ हम उस फैन पर एक्शन लेंगे और उसे बैन भी करेंगे।

### दोनों टीम के खिलाड़ियों में मुझे बचाने की कोशिश की

मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान आरोन रैम्सडेल ने कहा कि, यह शर्म की बात है क्योंकि आखिर में यह सिर्फ फुटबॉल का खेल है। दोनों टीम के खिलाडियों ने मुझे बचाने की कोशिश की। शुक्र है कुछ बड़ा नहीं हुआ। यह एक बुरा अनुभव था। लेकिन, हम अब ड्रेसिंग रूम में जाकर अपनी जीत का जश्न मनाएंगे।आरोन रैम्सडेल इंग्लैंड की नेशनल टीम का हिस्सा है। वे हाल ही में हुए फीफा वर्ल्ड कप 2022 में टीम का हिस्सा थे।

### आर्सेनल 2-0 से जीता

आर्सेनल ने श्वक्क के लीग मैच में अपने राइवल टॉटेनहम को रविवार को 2 - 0 से हराया। टॉटेनहम के गोलकीपर ह्यूगो लोरिस ने पहल गोल ओन गोल किया। इसके बाद दूसरा गोल टीम के कप्तान मरीन ओडेगार्ड ने 36वें मिनट में किया। आर्सेनल लीग टेबल में टॉप पोजीशन पर है। वहीं मेनचेस्टर सिटी दूसरे, नई कैसल यूनाइटेड तीसरे और मेनचेस्टर यूनाइटेड चौथे नंबर पर है। इंग्लिश प्रीमियर लीग यानी EPL में 20 टीमें एक दूसरे से 2-2 मैच खेलती है और लीग में आखिर में पॉइंट्स टेबल पर सबसे ज्यादा पॉइंट्स के साथ टॉप करने वाली टीम लीग जीतती है।



# पंत की छह हफ्ते में एक और सर्जरी होगी, कम से कम 18 महीने रहेंगे क्रिकेट से दूर

**मुंबई,ईएमएस।** कार एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल होने वाले भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज रिषभ पंत इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड में भी खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, पंत की पिछले दिनों मुंबई में लिगामेंट रि-कंस्ट्रक्शन सर्जरी हुई थी। अब छह हफ्ते बाद एक और सर्जरी होनी है। वे कम से कम 18 महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। BCCI के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पंत का वर्ल्ड कप के लिए फिट होना बहुत कठिन है। वह कब लौटेंगे यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।

### IPL में भी नजर नहीं आएंगे पंत

ऋषभ पंत IPL के इस साल के सीजन में खेलते हुए नहीं दिखेंगे। इसके बावजूद उन्हें पूरी सैलरी मिलेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पंत को 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उन्हें IPL में न खेलने के बाद भी पूरी राशि मिलेगी, हालांकि यह राशि फ्रेंचाइजी नहीं बल्कि BCCI देगा।

### मुंबई में ऋषभ पंत के घुटने की हो चुकी है सर्जरी

कार एक्सीडेंट में चोटिल हुए ऋषभ पंत के घुटने के लिगामेंट की सफल सर्जरी दो हफ्ते पहले हुई थी। वह अभी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। पंत का इलाज मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में चल रहा है। पंत का ऑपरेशन अस्पताल के स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड ऑर्थोस्कोपी हेड डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था। ऑपरेशन 3 घंटे तक चला था।

### यह बड़े टूर्नामेंट करेंगे मिस

अगर पंत 18 महीने तक बहार रहते है तो कई बड़े टूर्नामेंट मिस करेंगे। इनमें जनवरी-फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, मार्च-अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज, अप्रैल-मई में IPL, जून में टेस्ट चैंपियनशिप (भारत फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो), जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के अलावा सितंबर में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप शामिल हैं। इसके अलावा भी आने वाले टूर्नामेंट में वे नहीं रहेंगे।

### पंत का विकल्प बन सकते हैं चार खिलाड़ी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिलेक्शन कमेटी के पास संजू सैमसन, ईशान किशान और केएस भरत और उपेंद्र कुमार विकल्प के तौर पर मौजूद हैं। भरत और उपेंद्र कुमार भारत ए टीम के सदस्य हैं।

# गोल्डन ग्लोब के बाद RRR ने जीता क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड

## बनी बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म, एक बार फिर नाटू नाटू बना बेस्ट सॉन्ग

**लॉस एंजिलिस , एजेंसी।** डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म ञ्जञ्जञ्ज ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड के बाद अब क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह अवॉर्ड सेरेमनी अमेरिका के लॉस एंजिलिस में रखी गई थी, जहां फिल्म को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म और बेस्ट सॉन्ग की कैटेगरी अवॉर्ड मिले हैं। सोशल मीडिया पर अवॉर्ड सेरेमनी की फोटोज और वीडियोज बेहद सुर्खियों में हैं। क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी शेयर की है। ट्वीट में लिखा- फिल्म RRR की कास्ट एंड क्रू को बहुत बधाई। फिल्म ने बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड अपने नाम किया है। बता दें कि RRR का मुकाबला ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट, अर्जेंटीना 1985, बार्डो, फॉल्स क्रॉनिकल ऑफ ए हैंडफुल ऑफ टुथ्स, क्लोज और डिसीजन टू लीव जैसी इंटरनेशनल फिल्मों से था। इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए RRR ने बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म के लिए क्रिटिक्स वाइस अवॉर्ड जीत लिया है।



### आलिया भट्ट ने जाहिर की खुशी

ञ्जञ्जञ्ज का हिस्सा रहीं आलिया भट्ट ने भी फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। पोस्ट शेयर करते हुए आलिया ने लिखा- 'उफ्फ क्या खूबसूरत सुबह है।' इसके अलावा कई स्टार्स ने भी ञ्जञ्जञ्ज की इस सफलता पर खुशी जाहिर की है।

### नाटू नाटू गाने ने जीता बेस्ट सॉन्ग का खिताब

ग्लोबल लेवल नाटू नाटू का क्रेज छाया हुआ है। गोल्डन ग्लोब के बाद नाटू नाटू सॉन्ग ने क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड भी अपने नाम किया है। RRR ने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर खुशखबरी साझा करते हुए लिखा- यह साझा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने नाटू नाटू के लिए बेस्ट सॉन्ग क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड जीता है।'

### कंपोजर एम एम कीरवानी ने जाहिर की खुशी

अवॉर्ड लेने के बाद एम एम कीरवानी ने सभी को शुक्रिया कहा। इस दौरान उनसे सवाल किया गया कि- गोल्डन ग्लोब में आपको सफलता मिली। आपके गाने ने किस खूबी ने दुनिया को आकर्षित किया। क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड पाकर मैं बहुत खुश हूं। मेरे कोरियोग्राफर लिरिक्स राइटर, मेरे सिंगर, प्रोग्रामर और डायरेक्टर की तरफ से आभार जताता हूं।

### एस एस राजामौली ने अपने जीवन में आई हर महिला को दिया धन्यवाद

अवॉर्ड जीतने के बाद एस एस राजामौली ने स्टेज पर विनिंग स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने कहा- ये अवॉर्ड मेरे जीवन में आई सभी महिलाओं के लिए है। मेरी मां राजनंदिनी जिन्होंने मेरी स्कूली शिक्षा शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने मुझे कॉमिक्स और कहानी की किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसे मेरी रचनात्मकता बड़ी। मेरी भाभी श्रीवल्ली, जो मेरे लिए एक मातृशक्ति बन गई, वो हमेशा मुझे बेहतर बनाने की कोशिश करती रहीं। मेरी पत्नी रमा, वो मेरी फिल्मों की कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। लेकिस इससे बढ़कर वो मेरे जीवन की डिजाइनल हैं। अगर वो यहां नहीं हैं, तो मैं यहां नहीं हूं। मेरी बेटियों के लिए, उनकी मुस्कार मेरी जीवन को रोशन बनाने करने के काफी है। अंत में मेरी मातृभुमि, भारत को। मेरा भारत महान, जय हिंद धन्यवाद।'

### फैमिली से बहुत अधिक इमोशल, फाइनेंशिल और मेंटल सपोर्ट मिलता है-कंगना

राजामौली की इस स्पीच का वीडियो कंगना ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। कंगना ने लिखा- भारतीयों को यूएसए में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला और सबसे सफल समुदाय माना जाता है। इसके बावजूद लोग हैरान हैं कि एक से शुरू करने के बाद भी हम यह कैसे कर सकते हैं। इसका कारण हमारी फैमिली है। हमें वास्तव में अपनी फैमिली से बहुत अधिक इमोशल, फाइनेंशिल और मेंटल सपोर्ट मिलता है। वहीं हर परिवार का निर्माण, पोषण उस घर की महिलाओं द्वारा किया जाता है।

# डेटिंग की खबरों के बीच फिर एक साथ दिखे तमन्ना-विजय

## एक साथ दिया पोज, यूजर्स बोले- फेवरेट कपल

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी लव लाइफ की वजह से सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस बीच दोनों को एक इवेंट में साथ स्पॉट किया गया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें तमन्ना अपना फोटोशूट करा रही हैं, तभी पीछे से विजय उनको कुछ बोलते हुए गुजरते हैं। इसके बाद दोनों एक दूसरे से हाथ मिलाकर गले मिलते हैं।





### दोनों ने पैपराजी को दिया पोज

इस दौरान तमन्ना ब्लू थाई-हाई स्लिट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं विजय फंकी लुक में नजर आ रहे थे। वहीं दूसरे वीडियो में दोनों पैपराजी को पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में इस वीडियो को देखने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों ने बिना कुछ बोले अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया है।

### सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन

तमन्ना और विजय के इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स सोशल मीडिया के जरिए रिएक्ट कर रहे हैं। जहां एक यूजर ने लिखा, च्वे एक साथ बहुत प्यारे लगते हैं।ज दूसरे ने लिखा, च्दोनों जल्द शादी कर लें।ज वहीं कुछ ने दोनों को फेवरेट कपल कहा।

### न्यू ईयर पर भी किया गया था दोनों को स्पॉट

तमन्ना और विजय वर्मा को पहले भी कई बार स्पॉट किया जा चुका है। यहां तक कि दोनों को गोवा में न्यू ईयर भी एक साथ सेलिब्रेट करते हुए देखा गया था। वहीं दोनों को एक साथ पार्टी करते हुए भी देखा गया था। काफी वक्त से दोनों के बीच अफेयर की खबरें सामने आ रही हैं।



**लुक देखकर ट्रोलर्स बोले- ये सस्ती लेडी गागा दिख रही**

# नोरा फतेही ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट

**मुंबई, एजेंसी।** नोरा फतेही का नया फोटोशूट बेहद सुर्खियों में है। इन फोटोज में नोरा ने बॉडी फिट गोल्डन ब्लिग ड्रेस कैरी किया है। इस लुक में नोरा किसी हॉलीवुड एक्ट्रेस की तरह नजर आ रही हैं। हालांकि, उनका यह नया लुक फैंस को कुछ खास पसंद नहीं आया है। यही वजह है कि नोरा को सोशल मीडिया पर उनके इस नए लुक को खूब क्रिटिसाइज किया जा रहा है।

### लेटेस्ट पोस्ट की वजह से ट्रोल हुईं नोरा

नोरा ने ग्लैमरस अंदाज में फोटो शेयर करते हुए एक ब्राजीलियन गाने के लिरिक्स लिखे हैं। यूजर्स नोरा के इस पोस्ट पर उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा- 'बाल को देखकर बुड्ढी के बाल याद आ गए।' दूसरे यूजर ने लिखा- ये कार्डी फतेही है। एक अन्य यूजर ने लिखा- कुछ भी पहन रहे हैं यार आजकल के लोग।

### आर्यन और नोरा के रिलेशनशिप की आई थीं अफवाहें

कुछ दिन पहले आर्यन और नोरा की डेटिंग की खबरें सामने आई थीं। दरअसल दोनों की कुछ कॉमन लोगों के साथ की फोटोज वायरल हो रही थीं। इन फोटोज को देखने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और साथ में वक्त बिताने के लिए दुबई गए थे। हालांकि इन बातों की अभी तक किसी की ओर से भी पुष्टि नहीं हुई थी।

# यूक्रेन की मदद के लिए छोड़ा टेनिस

## स्वितोलिना युद्ध-प्रेग्नेंसी के चलते 10 महीने पहले टेनिस से दूर हुईं, अब वापसी को तैयार



**क्रिस्टोफर क्लेरी, एजेंसी।** यूक्रेन की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने पिछले 10 महीने से टेनिस नहीं खेला है। उनकी बेटी स्काई का जन्म पिछले साल अक्टूबर में हुआ। एलिना उन लोगों में शुमार हैं, जो यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध के लिए पैसे जुटाने और जागरूकता बढ़ाने का काम कर रही हैं। स्विट्जरलैंड में पति और फ्रेंच टेनिस स्टार गेल मोंफिल्स के साथ रह रहीं स्वितोलिना ने महसूस किया है कि दुनिया यूक्रेन के संघर्ष में रुचि खो रही है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यूरोप में कई बार लोग मेरे पास आए और पूछा कि क्या यूक्रेन में अभी भी युद्ध चल रहा है। यह सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। यूक्रेन में करीबी दोस्त और परिवार हैं और मुझे पता है कि वे किस हाल में हैं।दादी और यूक्रेन के लोगों को ध्यान में रखते हुए स्वितोलिना देश में बिजली बनाए रखने में मदद कर रही है। यूक्रेन के एक फंड-रेजिंग प्लेटफॉर्म के लिए उन्होंने दिसंबर में मोनाको में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया, जिससे करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए जुटाए। एलिना ने बताया कि इसमें से करीब 50 लाख को यूक्रेन के अस्पतालों के लिए जनरेटर खरीदने के लिए रखा गया है। फिलहाल, एलिना और मोंफिल्स दोनों ने 2023 में कमबैक का लक्ष्य तय किया है।

# शिक्षा सुधार के नाम पर जबलपुर में फूंके जाएंगे 27 लाख

## 108 टेबलेट खरीदकर अधिकारियों को दिए जाएंगे

**जबलपुर, यशभारत।** स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लाखों रुपए से टैबलेट की खरीदी की जाएगी। दावा किया जा रहा है कि इसके माध्यम से स्कूलों की मॉनीटरिंग कारगर तरीके से की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग लगातार नए प्रयोग कर रहा है। प्राचार्यों को कहीं विदेश की सैर कराई जाती है तो कहीं दिल्ली घुमाया जाता है। स्कूलों में लाखों रुपए के उपकरण भी खरीदे गए हैं, लेकिन वह केवल शोपीस बनकर रह जाते हैं। प्रदेश में करीब 13 करोड़ रुपए टैबलेट पर खर्च किए जाएंगे। टैबलेट खरीदी को लेकर जिले में 27 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। जिले में 108 टैबलेट की खरीदी की जाएगी। एक टैबलेट पर करीब 15 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। ये टैबलेट जनशिक्षक से लेकर प्रोग्रामर, एपीसी, बीआरसी, शिक्षा अधिकारी, संयुक्त संचालक को प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में 9 हजार टैबलेट खरीदी में करीब 13 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी।



### अफसरों का दावा बेहतर होगी शिक्षा व्यवस्था

### शिक्षा गुणवत्ता सुधार के नाम पर सिर्फ सरकार का खजाना खली हुआ

शिक्षा गुणवत्ता सुधार के नाम पर वर्ष 2019 में प्राचार्यों को दक्षिण कोरिया भेजा गया। कई दिनों तक प्राचार्य विभाग की खर्चे पर कोरिया में रहे। विदेश की सैर के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए गए। लेकिन नतीजा सिफर रहा। दिल्ली की तर्ज पर स्कूलों के संचालन के लिए वर्ष 2021 में प्राचार्यों को दिल्ली भेजा गया। विभाग ने अपनी ओर से आना जाना, रहने खाने आदि की व्यवस्था की। स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए 5 वर्ष पूर्व स्कूलों में कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, टीवी आदि उपकरण खरीदवाए गए। लेकिन यह प्राचार्य कक्ष की शोभा बन गए। विभागीय गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्राचार्यों को भोपाल एंव इंदौर में प्रशासन अकादमी में एकडमिक ट्रेनिंग दी गई। प्राचार्यों को लैपटॉप खरीदवाए गए।

**फैक्ट फाइल**

**प्रदेश में अधिकारियों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| 6198 | - जनशिक्षक |
| 1610 | - बीआरसी |
| 375 | – मोबाइल स्त्रोत सलाहकार |
| 322 | बीआरसी |
| 313 | ब्लॉक एजुकेशन ऑफीसर |
| 52 | जिला परियोजना समन्वयक |
| 52 | एपीसी आईडी |
| 09 | संभागीय संयुक्त संचालक |



# अधारताल, सुहागी मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया धंसी

## सुबह लगा बड़ा जाम , परेशान हुए राहगीर

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल कृषि विश्वविद्यालय के पास अतिव्यस्ततम सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के नजदीक मिट्टी धंसकने के कारण आपाधापी की स्थिति निर्मित हुई। इस वजह से आज सुबह कुछ देर के लिए यहां जाम लगने से यातायात प्रभावित हुआ। अधारताल तालाब के नजदीक सालों से सुधार की जरूरत जताए जाने वाला पुलिया नुमा पुल यातायात के दबाव को सहन नहीं कर पाया और उसके पास की मिट्टी धंसने लगी। बताया जाता है कि, रात्रि गुजरे भारी वाहन का बोझ पुल सहन नहीं कर पाया जिससे मिट्टी धंसने लगी। सुबह इस मार्ग पर जाम की स्थिति लगने लगी। जिसके बाद इस रोड पर चार पहिया वाहनों को रोककर सिर्फ दो पहिया वाहनों की एंट्री जारी रखी गई। अधारताल पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए यातायात को सुचारू कराया। शहर में फ्लाई ओवर ब्रिज एवं अन्य सड़कों के कॉन्क्रीटीकरण के कारण इस तरह की स्थिति बनना रोजमर्रा का हिस्सा हो गया है। नागरिकों की राय में निर्माण एजेंसियों द्वारा अमानक तरीके से काम किया जा रहा है जिससे निर्माण स्थलों पर दुर्घटना का अंदेशा दिन-रात बना रहता है।

# मप्र में चल रही है बदलापुर सरकार:विवेक तन्खा

**बोले, प्रवचन पॉलिटिक्स से कुछ नहीं होने वाला हासिल**

**जबलपुर, यशभारत।** राज्य सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में बदलापुर सरकार चल रही है। चाहे आनंदराय का मामला हो, दतिया हो या सागर ,ऐसी तमाम घटनाएं ,इस बात का उदाहरण है। सरकार कांग्रेसियों को झूठे मामले में फंसाकर उलझाना चाहती है। वही श्री तन्खा ने कमलनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि, कमलनाथ का दिल बहुत बड़ा है। इसलिए इन लोगों को छोड़ दिया था। आने वाले चुनाव में जनता इन सब का हिसाब लेगी।

### इवेंट कराने से आम आदमी का पेट नहीं भरता

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने मध्यप्रदेश सरकार के विकास यात्रा निकाले जाने पर कहा कि विकास यात्रा की बात से सरकार की निराशा झलकती है। उन्होंने कहाकि 20 साल से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। तो फिर सरकार को विकास यात्रा निकालने की जरूरत क्यों आन पड़ी। पिछले 10 सालों से सरकार इवेंट करती आ रही है। विवेक तन्खा ने कहा कि इवेंट से आम लोगों का पेट नहीं भरता। सांसद श्री तन्खा ने इन्वेस्टर मीट पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने अब तक जो आंकड़े दिए हैं। यदि वास्तव में वह मेमोरेंडम साइन हो जाते तो आज मध्यप्रदेश देश का सबसे विकसित राज्य बन जाता। प्रदेश भर में राजनेताओं द्वारा किए जा रहे प्रवचन पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि इस तरह के प्रवचन पॉलिटिक्स के कुछ नहीं होता। इससे न तो वोट मिलते हैं न घटते हैं। यह सिर्फ आकर्षण करने का एक साधन मात्र है। इस तरह का आकर्षण को पाने के लिए कोई मैच करवाता है तो कोई धर्म का सहारा लेता है।



### फर्स्ट्रेशन निकाल रहे हैं फग्गन सिंह

मंडला में केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा कांग्रेस को नीचा दिखाने के लिए किए गए शब्दों के इस्तेमाल पर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि फग्गन सिंह जैसे इतने सीनियर लीडर को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना शोभा नहीं देता। केंद्र में 10 साल से बीजेपी की सरकार है। मध्य प्रदेश में 20 साल से बीजेपी की सरकार है। तो फिर फग्गन सिंह कुलस्ते अपनी सरकार की नाकामयाबी का ठीकरा कांग्रेस पर क्यों छोड़ रहे हैं।

# टमाटर तोड़ने पर हत्या,अभियुक्त को आजीवन कारावास

जबलपुर यशभारत। चौबीसवें अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पनागर थाना क्षेत्र में गत 21 मई 2019 को खेत में लगे टमाटर तोड़ने के विवाद पर राजेंद्र नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस मामलें में नामदर्ज रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी चक्रेश कुमार काछी को गिरफ्तार कर मौके से उसकी बाईक भी जब्त की थी। पनागर पुलिस ने धारा 302 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था। अभियोजन के मुताबिक मृतक राजेंद्र अपने खेत में टमाटर की रखवाली के लिए गया था जहां आरोपी चक्रेश ने खेत से टमाटर तोड़े थे। उसके बाद राजेंद्र अपने घर नहीं लौटा। इसके बाद उसकी लाश किसन लाल के खेत में मिली। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कृष्णगोपाल तिवारी द्वारा अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी की गई जिनकी दलीलों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# मोबाइल सुधरवाने पहुंचा युवक ले उड़ा दुकान संचालक का ही मोबाइल

**जबलपुर यशभारत ।** थाना ओमती में दुकान से मोबाइल चुराने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है आरोपी युवक दुकान में मोबाइल रिपेयरिंग कराने आया था जहां उसकी नियत खराब हो गई और उसने दुकान संचालक का ही 18000 का मोबाइल पारकर रफूचक्कर हो गया पकड़े गए आरोपी को पुलिस आज माननीय न्यायालय में पेश करेगी। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि जुनेद खान उम्र 29 वर्ष निवासी बड़ी ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बड़ी ओमती मे मोबाइल की दुकान है दुकान पर एक लड़का उम्र लगभग 25 वर्ष का 2-3 पुराने मोबाइल लेकर बनवाने के लिये आया बातचीत के दौरान उस लड़के ने उसे चकमा देकर उसकी दुकान के काउंटर में रखा उसका ओप्पो कम्पनी का मोबाइल एफ 21 प्रो कीमती लगभग 18 हजार रूपये चुरा लिया और दुकान से चला गया उस समय वह ध्यान नहीं दे पाया, जब उसे थोड़ी देर में मोबाइल की जरूरत पड़ी तो उसने मोबाईल तलाश पर मोबाइल नहीं मिला उसने दुकान में सीसीटीव्ही कैमरा चैक किये तो वही लड़का उसका मोबाइल चुराते हुये दिख रहा है । सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुये आरोपी अरविन्द सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी नूरानी मंस्जिद के पीछे आनंदनगर अधारताल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जिसने मोबाईल दुकान से मोबाईल चुराना स्वीकार किया आरोपी से चुराया हुआ मोबाईल जप्त करते हुये आरोपी को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर आज मान्नीय न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**आरोपी अभिरक्षा में आज पुलिस करेगी कोर्ट में पेश**

# 1255 पदों की भर्तियों का मामला पंहुचा सुप्रीम कोर्ट

## सुनवाई 23 जनवरी को, हाईकोर्ट की डिवीजन वैच ने पांच माह बाद फैसला पारित करके उक्त अवैधानिकता को दिया था

**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा, जिला न्यायलयों में स्टेनो तथा सहायक ग्रेड तीन की 1255 भर्तियों की प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट दिनांक 30/3/22 को हाईकोर्ट जबलपुर में यह कहते है चुनौती दीं गई थी की उक्त रिजल्ट में हाईकोर्ट द्वारा 100 प्रतिशत कम्युनल आरक्षण लागू किया गया है तथा अनारक्षित पदों को सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है जिसके कारण ओबीसी की कट आफ 82 अंक तथा अनारक्षित वर्ग की 77 निर्धारित करके मुख्य परीक्षा के लिए सिलेक्ट किया गया है। जो नियम विरुद्ध तथा संवैधानिक प्रावधानों के विरोध में है, तथा उक्त प्रारंभिक परीक्षा के रिजल्ट में महिलाओं तथा विकलांगों की प्रथक से कटाफ जारी नहीं की गई है। उक्त मुद्दों को लेकर हाईकोर्ट मे 22 याचिकाए सैकड़ो अभ्यार्थियों द्वारा दाखिल की गई थी। उक्त समस्त याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करके डिवीजन बैच के जस्टिस शील नागु तथा जस्टिस वीरेंदर सिंह की खंडपीठ ने दिनांक 3 अगस्त 2022 को अंतिम सुनवाई करके फैसले के लिए याचिकाओं को सुरक्षित रख लिया गया तथा डिवीजन बैच ने पांच माह बाद 4 जनवरी 2023 को निर्णय पारित कर हाईकोर्ट द्वारा जारी उक्त रिजल्ट को वैधानिक करार देते है खारिज कर दीं गई। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में एक अन्य डिवीजन बैच के निर्णय 7/4/22 अवैधानिक करार कर दिया गया। जबकि किसी भी डिवीजन बैच को कोर्डिनेट डिवीजन बैच के निर्णय से भिन्न फैसला करने के पूर्व मामला चीफ जस्टिस को प्रेषित किये जाने का ओरवधान है तथा चीफ जस्टिस उक्त मुद्दे को निराकृत करने के लिए लर्जर (फुल बैच) गठित करके उक्त मुद्दे पर निर्णय किया जाता है !



# अधारताल में कोचिंग जाते समय नाबालिग से छेड़छाड़

**जबलपुर यश भारत ।** अधारताल के कंचनपुर में छेड़छाड़ का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है क्षेत्र का पुराना बदमाश नाबालिग किशोरी को कोचिंग आते जाते समय छेड़ रहा था लेकिन लोक लाज के कारण किशोरी मामले को टाल रही थी हद तो तब हो गई जब कल किशोरी कोचिंग जा रही थी उसी समय आरोपी युवक ने अश्लील कमेंट कर दिए और धमकी दी जिसके बाद डरी सहमी किशोरी अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कंचनपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासी किशोरी ने बताया कि वह कोचिंग जा रही थी तभी क्षेत्र का पुराना बदमाश उसे रास्ते में मिला जहां उसने बीच रास्ते रोक कर छेड़छाड़ की जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए कहा की मान जाओ नहीं तो उठा कर ले जाऊंगा पीड़ति की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

**पुराने बदमाश ने कहा मान जाओ नहीं तो उठा कर ले जाऊंगा**


पांचवी पुण्यतिथि



स्व. श्री उमाशंकर रैकवार
वैंकुण्ठवास - 17 जनवरी 2018
आप दूर रहकर भी सदा हमारे पास हैं,
दिल में हमारे सदा आपका अहसास है,
आपकी स्मृतियां हमारी धरोहर हैं,
आपके आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं,
आपका मार्गदर्शन, आपके आदर्श,
आपका आशीर्वाद
आज भी हमारे साथ है, शत शत नमन
:: शोकाकुल ::
श्रीमती ममता रैकवार (पत्नी), दिनेश रैकवार (भाई)
आशीष रैकवार, अनुराग रैकवार, अभिषेक रैकवार (पुत्र)
श्रीमती अमृता रायकवार (पुत्री), नरेन्द्र रायकवार (दामाद)
एवं समस्त रैकवार परिवार, कटनी, जबलपुर।

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जॉघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD | KATANGA CROSSING | MAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफली की लड़या →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़ →चने
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)